(स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र)



हिन्दी दैनिक

# बुद्ध का संदेश

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

अभिनेत्री ऐश्वर्या राजेश ने...8



बुधवार, 12 जनवरी 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 24 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

## विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगी बसपा सुप्रीमो मायावती, सतीश चंद्र मिश्रा ने किया ऐलान



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में चुनावी बिगुल बज चुका है। इन सबके बीच सबसे बड़ी खबर यही है कि बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती चुनाव नहीं लड़ेंगी। इस बात की जानकारी पार्टी महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा ने दी। सतीश चंद्र मिश्रा ने कहा कि हम लगातार जमीन पर काम कर रहे हैं। चुनावी रणनीति को मजबूत कर रहे हैं और आने वाले चुनाव में पार्टी का प्रदर्शन अच्छा रहेगा। उन्होंने कहा कि मायावती लगातार पार्टी के लिए चुनाव प्रचार करेंगी। ऐसे में वह किसी एक सीट से चुनाव नहीं लड़ेंगी। इतना ही नहीं, सतीश चंद्र मिश्रा ने तो यह भी कह दिया कि ना तो मायावती के परिवार से और ना ही मेरे परिवार से कोई भी सदस्य चुनावी मैदान में उतरेगा। पार्टी महासचिव ने कहा कि मैं राज्यसभा का सदस्य हूं, कई प्रदेशों में चुनाव हो रहे हैं और बहन मायावती जी को चुनाव लड़वाना है। हम लोग चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। चुनावी रेस में बसपा के पिछड़े रहने के सवाल पर सतीश चंद्र मिश्र ने दावा किया कि हमारी पार्टी अब तक 350 से ज्यादा बैठक कर चुकी है। मैं खुद 100 के आसपास बैठक में शामिल रहा हूं। पार्टी के नेता पूरे प्रदेश में भ्रमण कर रहे हैं। आपको बता दें कि फिलहाल बसपा के कई विधायक पार्टी छोड़ कर जा चुके हैं। जानकारी के मुताबिक पार्टी के पास सिर्फ अभी तीन ही विधायक है। इससे पहले मायावती के अब तक मैदान में न उतरने को लेकर विपक्षी दलों के कटाक्ष पर जवाब देते हुये बसपा प्रमुख ने कहा कि चुनाव से पहले जो जनसभायें की जा रही हैं, वह जनता के पैसे और सरकारी कर्मचारियों की भीड़ के बूते की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि बसपा की कार्यशैली और चुनाव को लेकर तौर–तरीके अलग हैं और हम किसी दूसरी पार्टी की नकल नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि सत्ता के लोगों को ठंड में जो गर्मी चढ़ी है, वह सरकार के और गरीबों के खजाने की गर्मी है।

## दिग्विजय सिंह ने एमपी में कांग्रेस को दीमक की तरह चट कर लियाः नरोत्तम मिश्रा



भोपाल। मध्य प्रदेश में दीमक वाले बयान को लेकर सियासी बवाल शुरू हो गया है। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने संघ की तुलना दीमक से की। जिसके बाद प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा हैं कि कांग्रेस देश के लिए और दिग्विजय सिंह जैसे नेता कांग्रेस के लिए दीमक की तरह है। दिग्विजय सिंह प्रदेश में कांग्रेस को ही चट कर गए। मिश्रा ने कहा कि कांग्रेसी भले ही ना कह पा रहे हो कि दिग्विजय सिंह जैसे लोग दीमक की तरह कांग्रेस को चाट रहे हैं लेकिन हकीकत यही है। दिग्विजय सिंह ने दीमक की तरह प्रदेश में कांग्रेस को चट कर डाला। एक समय मजबूत रही कांग्रेस को इन्होंने जर्जर हालात में पहुंचा दिया हैं। उन्होंने कहा कि 15 साल बाद सत्ता में आई कांग्रेस को 15 महीनों में ही इन्हीं की बदौलत सत्ता से बाहर का मुंह देखना पड़ा और अब लगता है कि अगले 15 साल तक कांग्रेस का कोई चांस नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश के लिए दीमक की तरह है। कांग्रेस के नेताओ ने अपनी पार्टी की क्या हालत कर दी है यह आप सबने कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डी.के.शिवकुमार द्वारा की जा रही लडखडाती पदयात्रा से जान लिया होगा। गृह मंत्री ने कहा कि आरएसएस जैसे राष्ट्रवादी और सेवाभावी संघठन के खिलाफ दिग्विजय सिंह जैसे नेता हमेशा से बयान देते रहते है लेकिन इससे कोई फर्क नही पड़ता है। देश की जनता सब सच जानती है। दिग्विजय सिंह के बयानों पर वैसे भी कोई ध्यान नही देता है क्योंकि वो अपनी ही पार्टी व जनता के लिए अप्रसांगिक हो गए है।

## क्या उत्तर प्रदेश के मुस्लिम भाजपा को देंगे वोट? सीएम योगी ने दिया यह जवाब



उत्तर प्रदेश में चुनावी बिगुल बज चुका है। भाजपा और समाजवादी पार्टी के बीच कांटे की टक्कर मानी जा रही है। राज्य में सभी दल अपने–अपने समीकरणों को साधने की कोशिश में है। जहां समाजवादी पार्टी एमवाई समीकरण के साथ आगे बढ़ने की कोशिश में है तो वहीं भाजपा सवर्ण और ओबीसी वोट को एक साथ लाने की कोशिश कर रही है। हालांकि सबसे बड़ा सवाल तो यही है कि क्या इस बार के चुनाव में उत्तर प्रदेश के मुसलमान भाजपा को वोट देंगे? अब तक के हिसाब से देखें तो ऐसे बहुत कम ही मौके आए हैं जब मुसलमानों ने भाजपा के पक्ष में मतदान किया है। इसी को लेकर योगी आदित्यनाथ से सवाल किया गया कि क्या मुसलमान इस बार भाजपा को वोट देंगे? अपने जवाब में योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमने सब के लिए काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम सबका साथ सबका विकास कर रहे हैं। हमारी योजनाओं का लाभ सभी को हुआ है। हमने किसी का तुष्टीकरण नहीं किया है। इसके साथ ही योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह हम लोग के साथ हमेशा से रहा है कि हमें उनका वोट नहीं मिलता है। योगी ने यह भी कहा कि हमारे अंदर धर्म और राष्ट्रवाद बसा हुआ है और हम इससे पीछे हटने वाले नहीं हैं। ऐसे में कोई हिंदू विरोधी या भारत विरोधी योगी–मोदी को स्वीकार भी करेगा क्या? लेकिन योगी ने इस बात को स्पष्ट कर दिया कि किसी के वोट के लिए धर्म और राष्ट्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता से वह पीछे नहीं हटेंगे। इसके साथ योगी ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि बिना भेदभाव के सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर किसी को मिलेगा। इससे पहले एक समाचार चौनल से बातचीत करते हुए योगी आदित्यनाथ ने यह भी कह दिया कि जब दंगे होते हैं तो हर मजहब और पंथ के लोग प्रभावित होते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अगर हिंदू का घर चलेगा तो मुसलमान का भी घर सुरक्षित नहीं रह सकता है। हिंदू सुरक्षित है तभी मुसलमान सुरक्षित रहेगा। यही कारण है कि हमने 5 साल में उत्तर प्रदेश में कोई दंगा नहीं होने दिया। समाजवादी पार्टी पर योगी आदित्यनाथ का हमला जारी है। योगी आदित्यनाथ लगातार समाजवादी पार्टी पर प्रदेश में दंगा कराने का आरोप लगा रहे हैं। साथ ही साथ योगी आदित्यनाथ का आरोप यह भी है कि समाजवादी पार्टी ने राम भक्तों पर गोलियां चलवाई थी।

## गुजरात में 14 जनवरी को पतंगबाजी के दौरान डीजे, सभा आदि पर पाबंदी

अहमदाबाद। गुजरात सरकार ने कोरोना वायरस संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए आने वाले उत्तरायण पर्व के लिए कड़े दिशानिर्देश जारी करते हुए पतंगबाजी के लिए सार्वजनिक स्थानों, सड़कों और खुले मैदानों में लोगों के एकत्र होने पर रोक लगा दी है। पतंगबाजी के लिए राज्य के गृह विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार किसी भी सार्वजनिक स्थान, खुले मैदान या सड़कों पर पतंग उड़ाने के लिए लोगों के एकत्रित होने पर रोक रहेगी। इसमें कहा गया है कि छतों पर या आवासीय सोसायटी के अंदर बड़ी सभाओं पर प्रतिबंध रहेगा, अन्य जगहों पर रहने वाले मेहमानों, दोस्तों या रिश्तेदारों को समारोह के लिए अन्य आवासीय परिसरों में प्रवेश नहीं दिया जाए।

## कौन होगा मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार ? नवजोत सिंह सिद्धू बोले– पंजाब की जनता करेगी तय

चंडीगढ़। पंजाब में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज गया है। ऐसे में सत्ताधारी पार्टी की तरफ से अगला मुख्यमंत्री उम्मीदवार कौन होगा ? इस तरह के सवाल लगातार उठ रहे हैं। ऐसे में प्रदेश कांग्रेस प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू का बयान सामने आया है। जिसमें उन्होंने कहा कि पंजाब की जनता तय करेगी कि मुख्यमंत्री कौन होगा। आपसे किसने कहा कि आलाकमान मुख्यमंत्री बनाएगा ? दरअसल, चंडीगढ़ प्रेस क्लब में नवजोत सिंह सिद्धू ने पंजाब मॉडल लॉन्च किया। इस दौरान पंजाब मॉडल से जुड़ा हुआ एक पोस्टर भी दिखाई दिया, जिसमें मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी की तस्वीर शामिल नहीं की गई।



कौन होगा मुख्यमंत्री उम्मीदवार ?: समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, पंजाब कांग्रेस प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा कि पंजाब की जनता तय करेगी की मुख्यमंत्री कौन होगा। पंजाब की जनता ही विधायक और मुख्यमंत्री तय करेगी, आलाकमान नहीं। आपको बता दें कि कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्र से पहले ही सिद्धू ने पंजाब मॉडल लॉन्च कर दिया। इस दौरान उन्होंने साफ कर दिया कि पंजाब मॉडल से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इसको लेकर आलाकमान को भी सारी बातें साफ कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में माफिया मॉडल चल रहा है। यहां पर कोई भी रोड मैप नहीं बनता है। अगर खजाने की चोरी को रोका जाए तो 50,000 करोड़ रुपए पंजाब में बचाया जा सकता है। कहां से चुनाव लड़ेंगे सिद्धू ?: कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव के मद्देनजर उम्मीदवारों की पहली सूची तैयार कर ली है। हालांकि अभी इसे जारी नहीं किया गया है। माना जा रहा है कि पार्टी बुधवार को उम्मीदवारों की पहली सूची जारी करेगी। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को पार्टी चमकौर साहब और आदमपुर से चुनावी मैदान में उतारने की योजना तैयार की है। जबकि सिद्धू के चुनाव लड़ने को लेकर अभी भी सस्पेंस बरकरार है।

## बढ़ते कोरोना संक्रमण के बीच झांसी महोत्सव तत्काल प्रभाव से बंद



झांसी। उत्तर प्रदेश के झांसी में कोरोना संक्रमितों की तेजी से बढ़ती संख्या के बीच प्रशासन ने झांसी महोत्सव को तत्काल प्रभाव से बंद करने के मंगलवार को निर्देश दिए। यहां क्राफ्ट मेला मैदान में लगभग एक महीने से चल रहा झांसी महोत्सव स्थानीय लोगों के बीच झांसी मेले के नाम से मशहूर है। यह मेला अभी 18 जनवरी तक चलना था और बड़ी संख्या में लोग मेले में आ रहे थे, जिसे नगर मज्ट्रिरेट के आदेश के बाद तुरंत बंद करा दिया गया है। सांगू जी ड्रीमलैंड कंपनी इस मेले का संचालन कर रही थी। मेले में भारी भीड़ जुटने से यहां विभिन्न जिलों और दूसरे राज्यों से आकर दुकान लगाने दुकानदार बेहद खुश थे। लोग भी बढ़–चढ़ कर मेले में खरीदारी कर रहे थे लेकिन इसी बीच कोरोना संक्रमण का खतरा जोर पकड़ने लगा। महानगर में कोरोना संक्रमितों की बढ़ती संख्या को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मेला क्षेत्र का दौरा किया और पाया कि यहां कोविड प्रोटोकॉल की जमकर धज्जियां उड़ायी जा रही हैं। प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए मेले को तुरंत बंद कराये जाने निर्देश दिए, जिसके बाद मेला क्षेत्र को तुरंत खाली कराने का काम शुरू किया गया। पुलिस ने मोर्चा संभालते हुए लोगों को मेला मैदान से बाहर निकाल दिया। कुछ सामाजिक संगठन और राजनीतिक दलों ने भी मेले में कोरोना नियमों का उल्लंघन होने को लेकर बंद किए जाने की मांग उठायी थी।

## समुद्र में भी कांप उठेगा पाकिस्तान, भारत ने INS विशाखापत्तनम से किया ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण



नई दिल्ली। भारत ने मंगलवार को भारतीय नौसेना के आईएनएस विशाखापत्तनम युद्धपोत से मंगलवार को ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण किया। डीआरडीओ के अधिकारी ने कहा, ष्ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल के उन्नत समुद्र से समुद्री संस्करण का आज आईएनएस विशाखापत्तनम से परीक्षण किया गया। मिसाइल ने निर्धारित लक्ष्य जहाज पर सटीक निशाना लगाया।ष मिसाइल भारत और रूस के बीच एक संयुक्त उद्यम है जहां रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (क्त्क्व) भारतीय पक्ष का प्रतिनिधित्व करता है। मिसाइल का परीक्षण आईएनएस विशाखापत्तनम से किया गया था जो हाल ही में शामिल भारतीय नौसेना का नवीनतम युद्धपोत है। सूत्रों ने कहा, षमिसाइल के समुद्र से समुद्री संस्करण का अधिकतम सीमा पर परीक्षण किया गया और लक्ष्य जहाज को सटीक सटीकता के साथ मारा गया।ष ब्रह्मोस भारतीय नौसेना के युद्धपोतों की मुख्य हथियार प्रणाली है और इसे इसके लगभग सभी सतह प्लेटफार्मों पर तैनात किया गया है। पानी के नीचे का संस्करण भी विकसित किया जा रहा है जिसका उपयोग न केवल भारत की पनडुब्बियों द्वारा किया जाएगा, बल्कि मित्र देशों को निर्यात के लिए भी पेश किया जाएगा।

## यूपी चुनाव 2022: फिजिकल रैलियों पर आयोग की रोक, अखिलेश की समाजवादी डिजिटल फोर्स हुई एक्टिव



लखनऊ। भारतीय निर्वाचन आयोग ने पांच राज्यों में विधानसभा की तारीखों का ऐलान कर दिया है। मुख्य चुनाव आयुक्त सुशील चंद्रा ने उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, गोवा और मणिपुर विधानसभा चुनाव की घोषणा की। यूपी में चुनाव सात चरणों में होंगे। इसके साथ ही चुनाव आयोग ने कोविड–19 की तीसरी लहर के मद्देनजर चुनावी रैलियों पर रोक लगा दी है। अब पांच राज्यों में घोषित विधानसभा चुनावों में प्रचार के लिए पार्टियों को डिजिटल मीडियम का ही सहारा लेना पड़ेगा। समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने मीडिया से बातचीत में कहा था कि सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग करके बीजेपी ने डिजिटल प्ध्लेटफॉर्म पर दबदबा कायम कर लिया है। उन्ध्होंने चुनाव आयोग से क्षेत्रीय दलों की ओर ध्ध्यान देने की भी अपील की है। पिछले चुनावों के दौरान सपा ने एक श्समाजवादी डिजिटल फोर्सश (एसडीएफ) की स्थापना की थी, जिसने व्हाट्सएप ग्रुप और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से करोड़ों मतदाताओं को जोड़ा। हर जिले में, एसडीएफ दो वालंटियर्स को व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ने का प्रभार दिया जाता है। चूंकि समूहों में अब तक 256 सदस्यों की सीमा है, वालंटियर्स को विभिन्न समूहों को मनु सदस्यों के रूप में समायोजित करने के लिए कहा जाता है। सूत्रों के अनुसार, पार्टी ने एक बार फिर एसडीएफ को सक्रिय कर दिया है, जिसका उपयोग वे मुख्य रूप से पार्टी नेताओं के भाषण, प्रचार सामग्री और अभियान के शॉर्ट वीडियो और फोटो को भेजने के लिए करेंगे। इन एसडीएफ समूहों का उपयोग विभिन्न कार्यक्रमों और प्रेस कॉन्फ्रेंस के लाइव लिंक प्रदान करके सपा प्रमुख और अन्य नेताओं के संदेश को बढ़ाने के लिए भी किया जाएगा। पार्टी राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में खराब नेट कनेक्टिविटी को ध्यान में रखते हुए शॉर्ट वीडियो पर टेक्स्ट इमेज पर ध्यान केंद्रित करेगी। साथ ही अखिलेश यादव और पार्टी के अन्य नेताओं के सोशल मीडिया अकाउंट, जिनके अच्छी संख्या में फॉलोअर्स हैं। उनका इस्तेमाल चुनाव प्रचार को बढ़ाने के लिए किया जाएगा। सूत्रों ने यह भी खुलासा किया कि पार्टी विभिन्न जिलों में स्थानीय यूट्यूबर्स को जोड़ने की भी कोशिश करेगी। चुनाव आयोग के ताजा दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए पार्टी की योजना घर–घर जाकर प्रचार करने के लिए पांच सदस्यीय टीम भेजने की भी है। दिलचस्प बात यह है कि इन अभियानों का सीधा प्रसारण विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप और यूट्यूब पर भी किया जाएगा। पार्टी ने चुनाव प्रचार में मदद के लिए एलईडी स्क्रीन वाले वाहनों की भी मदद लेने की योजना बनाई है। हाल ही में अखिलेश यादव ने विजय रथ यात्राओं के माध्यम से उत्तर प्रदेश की लंबी–चौड़ी यात्रा की है।



# किसानों को यूरिया की आवश्यकता के सापेक्ष अधिक उर्वरक जिले में पहुची

करनैलगंज गोंडा। बारिस के बाद किसानों को यूरिया की आवश्यकता के सापेक्ष अधिक उर्वरक जिले में आ चुकी है। लगातार यूरिया की खेप आने का क्रम जारी है। यूरिया की मारामारी के बीच लगातार आ रही रैक के बाद यूरिया की मांग कम हो गई है। एक सप्ताह में लगातार आधा दर्जन यूरिया की रेक आने के बाद अब प्रशासन व कृषि विभाग के अधिकारियों ने राहत की सांस ली है।

उधर डीएम मार्कण्डेय शाही के निर्देश पर उर्वरक व्यापारियों के यहां औचक निरीक्षण व छापेमारी के क्रम जारी है। जिला कृषि अधिकारी जेपी यादव ने बताया कि उर्वरक की जिले में कोई कमी नही है। आवश्यकता से अधिक उर्वरक आ चुकी है। उर्वरक की कालाबाजारी या निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर उर्वरक की विक्री न हो इसके लिए छापेमारी की जा रही है। इसके अलावा व्यापारी के दुकान व गोदाम में उपलब्ध उर्वरक के स्टॉक का मिलान पीओएस मशीन से किया जाता है। यदि कोई भी व्यापारी बिना आधार व बिना पीओएस मशीन से बिक्री करता पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनवरी प्रथम सप्ताह में कृभको, चम्बल फर्टिलाइजर, चाँद, यारावेरा एवं इंडोगल्फ कंपनी के यूरिया की रेक लग चुकी है। इसके अलावा इस सप्ताह इफ्को के साथ दो अन्य कंपनी की रैक जिले को प्राप्त हो रही है। जिससे यूरिया की कमी दूर दूर तक नहीं होने दी जाएगी।

# पोलिंग पार्टियों की रवानगी एवं मतगणना स्थल का डीएम ने लिया जायजा, तैयारियों हेतु सौंपी जिम्मेदारी

गोण्डा।विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 की आदर्श आचार संहिता लागू होने के उपरान्त जिला निर्वाचन अधिकारी मार्कण्डेय शाही ने निर्वाचन के दृष्टिगत विभिन्न टीमों के प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक कर उनसे संबंधित आयोग के निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने व समय से तैयारियां पूर्ण कर लेने की हिदायत दी। जिला निर्वाचन अधिकारी मार्कण्डेय शाही ने कार्मिक व्यवस्था, प्रशिक्षण, निर्वाचन व्यय एवं लेखा, ईवीएम एवं वीवीपैट व्यवस्था, मतपत्र व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, लेखन एवं निर्वाचन सामग्री, सांख्यिकीय सूचना, प्रेक्षक व्यवस्था, दूरसंचार व्यवस्था, टेंट आदि व्यवस्था, मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट व शांति सुरक्षा व्यवस्था, निर्वाचन कंट्रोल रूम, शिकायत एवं सी–विजिल एवं प्रकोष्ठ, मीडिया प्रभारी, इंफार्मेशन टेक्नालाजी एवं कंप्यूटराइजेशन व्यवस्था, ईवीएम व अन्य प्रशिक्षण व्यवस्था, जिला निर्वाचन प्लान, वीडियोग्राफीध्फोटोग्राफी व सीसीटीवी कैमरा एव वेबकास्टिंग कम्युनिकेशन प्लान, कार्मिक कल्याण, प्रोटोकाल, कोविड प्रबन्धन व्यवस्था, संवेदनशील बूथों आदि की व्यवस्था, दिव्यांग मतदाताओं से सम्बन्धित प्रबन्धन, एएमएफ व ईएमएफ व्यवस्था के प्रभारी अधिकारियों को उनसे समबन्धित तैयारियों के बारे में विस्तार से बताया तथा निर्देश दिए कि सभी प्रभारी अधिकारी आयोग की गाइड लाइन के अनुसार युद्धस्तर पर तैयारी शुरू कर दें। बैठक के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रशासनिक अमले के साथ कार्मिक प्रशिक्षण व मतदान कार्मिकों के रवानगी स्थल टामसन कालेज तथा मतगणना स्थल व स्ट्रांग रूम हेतु गल्ला मण्डी पहुंचकर जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक प्रबन्ध के निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ शशांक त्रिपाठी, सीआरओ जयनाथ यादव, एडीएम सुरेश सोनी, सिटी मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता, सभी उपजिलाधिकारी तथा प्रभारी अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ डीएम व एसएसपी ने की बैठक

बहराइच। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधान सभा सामान्य निर्वाचन–2022 के घोषणा के फलस्वरूप जनपद में प्रभावी आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के मद्देनजर जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ दिनेश चन्द्र व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर अपील की गयी कि विधानसभा निर्वाचन के दौरान फ्रेंडशिप स्प्रिट के साथ चुनाव लड़ें। सभी लोग मिलकर ऐसा प्रयास करें कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान जिले में उत्सव जैसा माहौल रहे। सभी को डर्टी पालीटिक्स से परहेज करने का सुझाव देते हुए डीएम व एसएसपी ने स्पष्ट किया कि स्वतन्त्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध है। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के प्रयास की अनदेखी नहीं की जायेगी। इस सम्बन्ध में यदि कोई शिकायत प्राप्त होती है तो तत्काल एक्शन लिया जायेगा और सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी।

आदर्श आचार संहिता के अनुपालन तथा नाम निर्देशन पत्रों के दाखिला इत्यादि के सम्बन्ध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों की जानकारी प्रदान करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आयोग द्वारा आनलाइन नामांकन करने की सुविधा भी प्रदान की गयी है।

आनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को सभी सम्बन्धित दस्तावेजों के साथ नामांकन की हार्ड कापी भी जमा करनी होगी। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की गयी कि कार्यकर्ताओं को भी आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के संबन्ध में अपने स्तर से ब्रीफ कर दें।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्वाचन सामग्रियों के प्रकाशन के सम्बन्ध में आयोग द्वारा जारी किये गये दिशा निर्देशों की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए सभी से अनुपालन की अपेक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने बताया कि शासकीय भवनों, सार्वजनिक सम्पत्तियों, धार्मिक स्थलों तथा भवन स्वामी की अनुमति के बिना निजी सम्पत्तियों का उपयोग निर्वाचन के प्रचार–प्रसार के लिए नही किया जायेगा। डीएम डॉ. चन्द्र ने बताया कि आयोग द्वारा 15 जनवरी 2022 तक रैली, जनसभा, नुक्कड़ सभाओं, विजय जुलूस, पदयात्रा, बाईक व साइकिल रैलियों पर प्रतिबन्ध लगाया गया है। निर्वाचन पैम्फलेटों, पोस्टरों आदि के मुद्रण के सम्बन्ध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार कोई व्यक्ति किसी ऐसे निर्वाचन पैम्फलेट अथवा पोस्टर इत्यादि का मुद्रण या प्रकाशन नहीं करेगा अथवा मुद्रित या प्रकाशित नहीं करवायेगा जिसके मुख्य पृष्ठ पर मुद्रक एवं इसके प्रकाशक का नाम व पता न लिखा हो।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी ने कहा कि आप सभी के सहयोग से जनपद में निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से भारत निर्वाचन आयोग की मंशानुरूप सम्पन्न कराया जायेगा। आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों से पूरी सख्ती के साथ निपटा जायेगा। उन्होंने बताया कि निर्वाचन के दौरान गुड पुलिसिंग की व्यवस्था रहेगी। डीएम द्वारा सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कोविड संक्रमण से बचाव के लिए आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करने तथा टीकाकरण के लिए लोगों को जागरूक करने की भी अपेक्षा की गयी।

प्रभारी अधिकारी व्यय अनुवीक्षण वरिष्ठ कोषाधिकारी अशोक कुमार प्रजापति ने निर्वाचन व्यय हेतु पृथक बैंक खाता खोलने, प्रत्याशी ऐजेंट नियुक्त करने, व्यय रजिस्टर भरने, भुगतान करने के बारे में आयोग के दिशा निर्देशों की जानकारी प्रदान की। बैठक के दौरान भाजपा के रणविजय सिंह, सपा के जफरूल्ला खॉ बन्टी सहित अन्य प्रदाधिकारियों द्वारा आश्वस्त किया गया कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन के सम्बन्ध में आयोग की गाइडलाइन व जिला प्रशासन के दिशा निर्देशों का पालन किया जायेगा।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी मनोज, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अशोक कुमार, डिप्टी कलेक्टर प्रशिक्षु पीसीएस अमन देओल, अधि.अभि. जल निगम सौरभ सुमन सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी, राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों में बीएसपी के अजय गौतम, आरएलडी के डॉ. अजीमुल्ला खॉ, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से सिद्धनाथ श्रीवास्तव, कांग्रेस से मुकुन्द जी शुक्ला, राष्ट्रवादी कांग्रेस से राजेश श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# पदोन्नत पाए एडीओ आईएसबी के स्थानांतरण पर लोगों ने दी विदाई

इटियाथोक,गोंडा।एडीओ आईएसबी विकास मिश्र पदोन्नति पाकर संयुक्त खण्ड विकास अधिकारी बनने पर इटियाथोक ब्लॉक मुख्यालय स्थित सभागार में विभाग के कर्मियों द्वारा विदाई समारोह आयोजित किया गया।इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी कृषि जगदीश प्रसाद ने संयुक्त खण्ड विकास अधिकारी पद पर प्रमोशन पाने पर श्री मिश्र के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा, कि वे एक ईमानदार व कर्तव्य परायण अधिकारी के रूप में कार्य सरकार करते थे,और समय बद्ध रूप से कार्यालय आते थे।इस वजह से स्टॉफ व साथ–साथ जनता में भी उन्हें सम्मान व आदर मिला।खुशी की बात है, कि उन्हें अपनी योग्यता व वरिष्ठता के कारण जल्द ही पदोन्नति पाकर संयुक्त खण्ड विकास अधिकारी होने का सौभाग्य मिला।विदित हो,कि श्री मिश्र पदोन्नति पाकर जिले के वजीरगंज ब्लॉक स्थानांतरित हुए हैं।उन्होंने अपने विदाई समारोह में भावुक होकर कहा,कि वे इस सम्मान व स्नेह का सदैव आभास रखेंगे।पदोन्नति पाये श्री मिश्र का अंग वस्त्र व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।खंड विकास अधिकारी आरएन भारती, सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर शैलेंद्र सिंह, एडीओ पंचायत शमीम खां, एपीओ मनरेगा राजेश सोनी, लेखाकार के के मिश्रा,आवास बाबू अभिषेक श्रीवास्तव, पंचायत सचिव महेश सैनी, शैलेंद्र मौर्य, पंकज मौर्य, योगेश द्विवेदी, विंध्यवासिनी भारती, सज्जाद खां, ग्राम प्रधान दीप नारायण तिवारी, आदि लोग उपस्थित रहे।

# गुण्डा एक्ट के तहत 04 अपराधियों को जिला मजिस्ट्रेट ने किया जिला बदर

बहराइच । जनपद में आसन्न विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एंव शान्तिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराये जाने तथा विधि व्यवस्था एवं लोक परिशान्ति सहित लोक व्यवस्था व जनसुरक्षा कायम रखने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट डॉ. दिनेश चन्द्र द्वारा 04 अपराधियों के विरूद्ध धारा 3(1) गुण्डा एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 06 माह के लिए जनपद से जिला बदर कर दिया गया है। इसके अलावा 02 व्यक्तियों को अपने सम्बन्धित थानें में प्रत्येक माह की 15 तारीख को आगामी 06 माह तक उपस्थित दर्ज कराये जाने के आदेश दिये गये हैं। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश के अनुसार थाना मटेरा अन्तर्गत ग्राम रसूलपुर दा. शंकरपुर नि.माहिर पुत्र ढोड़े, थाना रूपईडीहा के छोटी मस्जिद चिकवन मोहल्ला कस्बा नि. इरफान अली पुत्र अनीस, थाना कोतवाली मुर्तिहा के मेवालालपुरवा दा. मंझरा नि. महेश कुमार पुत्र कुंवर व थाना रानीपुर के गोबरहा नि. अनीस पुत्र हबीब को 06 माह के जिला बदर किया गया है। इसके अलावा थाना बौण्डी अन्तर्गत ग्राम बौण्डी नि. हरिओम उर्फ अभिषेक पुत्र स्व. चन्द्र शेखर तथा थाना दरगाह शरीफ अन्तर्गत सलारगंज नई बस्ती निकट घसियारी मस्जिद नि. कलाम अली पुत्र छोट्टन को जिला मजिस्ट्रेट द्वारा निर्देश दिया गया है कि अपने से सम्बन्धित थाने में आगामी छः माह तक प्रत्येक माह की 15 तारीख को उपस्थिति दर्ज कराना सुनिश्चित करेंगे।

# डीएम व एसएसपी ने बूस्टर डोज टीकाकरण अभियान का किया श्रीगणेश

## कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम, एसएसपी व अन्य अधिकारियों ने ली बूस्टर डोज

बहराइच । फ्रंटलाइन वर्कर्स, स्वास्थ्य कर्मियों तथा 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के नागरिकों के बूस्टर डोज टीकाकरण के शुभारम्भ अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी ने अपर जिलाधिकारी मनोज, अपर पुलिस अधीक्षक अशोक, अपायुक्त मनरेगा के.डी. गोस्वामी सहित अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बूस्टर डोज का टीकाकरण कराया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने जनपदवासियों से अपील की है कि कोविड–19 की तीसरी लहर से बचाव के लिए टीकाकरण अत्यन्त महत्वपूर्ण बचाव का साधन है। डॉ. चन्द्र ने कहा कि ऐसे नागरिक जिन्होंने अभी तक पहली अथवा दूसरी डोज नहीं ली है तत्काल टीकाकरण करा लें। जिलाधिकारी ने कहा कि वैज्ञानिकों के अध्ययन में टीका पूर्णरूपेण सुरक्षित एवं कारगर पाया गया है इसलिए किसी प्रकार का संकोच न करते हुए तत्काल टीकाकरण करा लें। डीएम ने सभी नागरिकों तथा 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग के किशोर–किशोरियों से अपील की है कि बिना किसी भय व सन्देह के टीकाकरण करायें।

# कथित पत्रकार के ब्लैक मेल करने की स्वस्थ्यकर्मी ने दी तहरीर

करनैलगंज(गोंडा)। सीएचसी के एक स्वास्थ्य कर्मी ने कथित पत्रकार पर मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हुए ब्लैकमेल करके रुपये की मांग करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। प्रकरण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज से जुड़ा है। यहां तैनात प्रेमवती नगर गढ़ी कनौरा लखनऊ निवासी लैब टेक्नीशियन दिलीप कुमार ने कोतवाली में तहरीर दिया है। जिसमे कहा गया है कि गोंडा निवासी दो व्यक्ति अपने को पत्रकार बताकर उसे डरा धमका कर ब्लैकमेल कर रहे हैं। फर्जी वीडियो तैयार करके वायरल करने की धमकी देते हुये 5 लाख रुपये की मांग कर रहे हैं। रुपये देने के लिये फोन करके गोंडा बुलाते हैं, रुपये नही देने पर नौकरी ले लेने की धमकी दे रहे हैं। स्वास्थ्य कर्मी ने बताया कि दोनों लोगों की प्रताड़ना से तंग आकर उसने तहरीर दिया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. सुरेश चन्द्रा ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में है। स्वास्थ्यकर्मी की तहरीर पर मेरे द्वारा अनुमोदन किया गया है। कोतवाल प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि मामला जानकारी में है। जांच चल रही है, आरोपियो के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।

# स्कूलों में कैम्प लगाकर 15 से 18 वर्ष तक के बच्चों करें टीकाकरण

अयोध्यां। जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में 15 से 18 वर्ष तक के बच्चों को टीकाकरण अभियान के अन्तर्गत समस्त शिक्षा बोर्ड एवं प्रधानाचार्य समन्वय बैठक का आयोजन गांधी सभागार में आयोजित किया गया। जिलाधिकारी ने बैठक की समीक्षा करते हुये समस्त शैक्षिक संस्थान एवं प्रधानाचार्यो को निर्देश दिये कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुये स्कूलों में कैम्प लगाकर 15 से 18 वर्ष तक के बच्चों का बृहद स्तर पर टीकाकरण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि कहीं कहीं पर अभिभावकों द्वारा बच्चों को टीकाकरण को लेकर आसमंजस्य है उसके लिए अभिभावकों को प्रेरित करने की जरूरत है। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि चिकित्सकों की टीम बनाकर विद्यालयों में बच्चों का टीकाकरण तथा जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में 18 से अधिक आयु के व्यक्तियों का भी टीकाकरण अभियान चलाकर लक्ष्य को पूर्ण किया जाय।

जिलाधिकारी ने आमजन मानस से अपील करते हुये कहा है कि जिन व्यक्तियों ने अभी तक कोविड टीकाकरण की प्रथम डोज नही ली है वह शीघ्र अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर जाकर अपना टीकाकरण अवश्य करायें तथा जिनकी दूसरी डोज की समय अवधि आ गयी है वह भी अपना टीकाकरण अवश्य लगवा लें। इसके साथ ही जिनके परिवार में 15 से 18 वर्ष के बच्चें है वे शिक्षण संस्थान के माध्यम से अथवा स्वास्थ्य केन्द्र से अपने बच्चों का टीकाकरण अवश्य करायें। उन्होंने बताया कि विगत दिनों में कोविड–19 संक्रमण पुनः फैल रहा है इसके लिए सभी लोग मास्क एवं सेनेटाइजर का प्रयोग करते हुये सोशल डिस्टेंसिंग का पालन अवश्य करें। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में 9 जनवरी 2022 तक 15 से 18 वर्ष तक के 32494 बच्चों को प्रथम डोज, 18 से अधिक वर्ष के 1739844 लोगों को प्रथम डोज व 1036397 लोगों को दूसरी डोज लगायी जा चुकी है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनिता यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. अजय कुमार राजा सहित शिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य एवं प्रतिनिधि व प्रबन्धक उपस्थित रहे।

# न्यायालय परिसर में बंदियों का आवागमन प्रतिबंधित

अयोध्या। कोविड–19 महामारी के प्रभाव के दृष्टिगत जनपद न्यायाधीश न्यायालयों के सुगम संचालन हेतु नवीन दिशा निर्देश जारी किये गये है। कोविड–19 महामारी के प्रभाव के कारण वर्तमान में न्यायालय परिसर में बंदियों का आवागमन प्रतिबंधित है।

विचारधीन बंदियों के रिमाण्ड कार्यध्अन्य न्यायिक कार्य, विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष में अपरान्ह 3 बजे से किये जाने हेतु विशेष न्यायाधीश ई0सी0 एक्ट अरशद अहमद हासिमी दिनांक 10 जनवरी 2022 से 15 जनवरी 2022 तक, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश बृजेश कुमार सिंह 17 जनवरी से 21 जनवरी तथा 24 जनवरी 2022 एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती शिवा पांडेय 25 जनवरी तथा 27 जनवरी 2022 से 29 जनवरी 2022 तक एवं 31 जनवरी 2022 के लिए नामित की गयी है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट फैजाबाद अपने स्तर से मजिस्ट्रेट स्तर के न्यायालयों का रिमांडध न्यायिक कार्य हेतु न्यायिक अधिकारी को नामित करें। उक्त जानकारी प्रभारी जनपद फैजाबाद द्वारा दी गयी है।

# जनपद में धारा 144 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू

बहराइच। वर्तमान समय में कोविड–19 के नये वेरियंट (ओमिक्रोन) के संक्रमण की रोकथाम एवं बचाव के दृष्टिगत गृह मंत्रालय भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन्स का पालन कराते हुए मकर संक्रान्ति, माघ मेला, गणतन्त्र दिवस, हजरत अली का जन्म दिवस, वसन्त पंचमी आदि आगामी त्यौहारों, विभिन्न शिक्षण संस्थाओं द्वारा आयोजित होने वाली परीक्षाओं तथा विधान सभा सामान्य निर्वाचन–2022 की अधिसूचना जारी होने जाने के फलस्वरूप वर्तमान में कोविड–19 के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी नवीनतम गाइड लाइन का अनुपालन कराते हुए विधान सभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराये जाने के मद्देनजर जनपद बहराइच के समस्त सीमा क्षेत्र में विधि व्यवस्था एवं लोक परिशान्ति सहित लोक व्यवस्था व जनसुरक्षा कायम रखने के उद्देश्य से अपर जिला मजिस्ट्रेट मनोज द्वारा दं.प्र.संहिता, 1973 की धारा–144 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू कर दी गयी है। अपर जिला मजिस्ट्रेट मनोज द्वारा जारी आदेश के समस्त 31 प्रस्तर 09 जनवरी 2022 से 28 फरवरी 2022 तक जनपद बहराइच के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में निवास करने वाले तथा जनपद की सीमा में प्रवेश करने वाले समस्त व्यक्तियों पर प्रभावी रहेगा। इन आदेशों का अथवा इनके किसी भी अंश का उल्लंघन भारतीय दण्ड संहिता की धारा–188 के अन्तर्गत दण्डनीय होगा।

# फर्जी हस्ताक्षर बनाकर जमीन बैनामा कराने वाले अभियुक्तको पांच वर्ष के कारावास एवं 10 हजार जुर्माना की मिली सजा

गोण्डा।।अभियोजन अधिकारियों की दमदार पैरवी की बदौलत फर्जी हस्ताक्षर बनाकर अपने नाम जमीन कराने के 12 वर्ष पुराने मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गोंडा द्वारा अभियुक्त को पांच वर्ष के कारावास की सजा एवं 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। यह जानकारी देते हुए जेडी अभियोजन राम अचरज चतुर्वेदी ने बताया कि वर्ष 2009 में अभियुक्त पृथराज द्वारा फर्जी हस्ताक्षर बनाकर जमीन अपने नाम बैनामा करा ली गई थी। जिसमें थाना धानेपुर में मुकदमा अपराध संख्या 486ध2009 धारा–419, 420, 467, 468, 471 दर्ज किया गया था। सहायक अभियोजन अधिकारी सुभाष कुमार द्वारा सम्बन्धित मामले में नियमित पैरवी की गई जिसके फलस्वरूप अभियुक्त को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गोंडा द्वारा पांच वर्ष के कारावास की सजा एवं 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

# स्वीकृत नये शौचालयों की धनराशि की जाय अवमुक्त

## डीएम ने की स्वच्छता समिति की बैठक

अयोध्या। जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में जिला स्वच्छता समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आहुत की गयी। जिलाधिकारी ने बैठक में शौचालय निर्माण की स्थिति, प्रथम एवं द्वितीय किश्त की अद्यतन स्थिति, आदि महत्वपूर्ण बिन्दुओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि जिन लाभार्थियों को शौचालय निर्माण की प्रथम व द्वितीय किश्त जारी हो चुकी है तथा शौचालय का कार्य अपूर्ण है उनको के माध्यम से पूर्ण करायें। इसके साथ ही जिन लाभार्थियों के पूर्व में नये शौचालय स्वीकृत हुये है उनको धनराशि अवमुक्त की जाय। उन्होंने समीक्षा करते हुये यह भी कहा कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य को समय पर पूर्ण किया जाय। जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान विगत बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन आख्या, समस्त मदों की अद्यतन स्थिति, ग्राम पंचायतों में निर्मित सामुदायिक शौचालय के नोडल अधिकारियों द्वारा स्थलीय सत्यापन, नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के तहत ग्राम पंचायतों में सुधारात्मक प्रयासों पर की गयी कार्यवाही, 63 ग्राम पंचायतोंध्ग्रामों में खाद् गड्ढा एवं घूर गड्ढा निर्माण की स्थिति, गोबरधन योजनान्तर्गत वि0ख0 सोहावल के पूर्व स्वीकृत ग्राम पंचायत बैदरापुर में गोबर गैस प्लांट के निर्माण की प्रगति आदि बिन्दुओं पर चर्चा की गयी।

# शूटिंग प्रतियोगिता में अयोध्या मंडल को मिले 19 मेडल

अयोध्या। शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सक डा. डीआर भुवन को मेरठ में चल रहे चार दिवसीय शूटिंग प्रतियोगिता में दो गोल्ड मेडल मिला। मेरठ में चल रहे चार दिवसीय शूटिंग प्रतियोगिता में अयोध्या मंडल को 19 मेडल मिले।

टीम की अगुवाई कर रहे सनी कुमार वर्मा के नेतृत्व में आज मेड मेडल पाई हुई टीम को सिटी मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार सिंह ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया और सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। बता दें कि डॉ डीआर भुवन को अब तक 9 मेडल मिल चुके हैं, जिसमें 7 गोल्ड मेडल 2 सिल्वर मेडल शामिल है। सूत्रों की माने तो पेरिस में होने वाले ओलंपिक 2024 में भी डॉक्टर डीआर भुवन के जाने की प्रबल संभावना है, तथा इसी वर्ष अगस्त में होने वाले वर्ल्ड कप में भी आयोजित होने वाली शूटिंग प्रतियोगिता में शामिल होने की पूरी उम्मीद है।

मेरठ में चल रहे चार दिवसीय शूटिंग प्रतियोगिता में अयोध्या मंडल को 19 मेडल मिले हैं जिसमें से 11 गोल्ड मेडल व 8 सिल्वर मेडल शामिल हैस पूरी टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे सनी कुमार वर्मा ने बताया कि 19 मेडल भवदीय शूटिंग रेंज को दिए गए जिसमें महिलाएं एवं पुरुष कैटेगरी को अलग–अलग मेडल मिले हैं, गोल्ड मेडल पाने वाले खिलाड़ियों में अयोध्या के प्रतिष्ठित डा. डीआर भुवन, डॉ विष्णु जैनुल, पीयूष शेर बहादुर साक्षी पाल अनुराधा वैष्णवी विश्वास जयसवाल अंशु सिंह शामिल है तो वही सिल्वर मेडल पाने वालों में कुमार ध्रुव वंशिका चौधरी शिवम तिवारी नितिन पटेल गौरवित गुप्ता दिव्यांशु सिंह यथार्थ मिश्रा आदर्श आर्य सानिध्य रहे।

# सुजीत कुमार जायसवाल बने उत्तर प्रदेश ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन के अध्यक्ष

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेश ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन जनपद शाखा सिद्धार्थनगर का द्विवार्षिक अधिवेशनधनिर्वाचन दिनांक 7 जनवरी 2022 को विकास खंड नौगढ़ सभागार में आयोजित किया गया जिसमें जनपद के कुल 95 ग्राम विकास अधिकारी सहायक विकास अधिकारी तथा संयुक्त खंड विकास अधिकारी ने मतदान में भाग लिया जिसमें अध्यक्ष पद हेतु सुजीत कुमार जायसवाल 64 मत प्राप्त कर विजई रहे तथा निकटतम प्रतिद्वंदी शैलेंद्र कुमार गुप्ता या कि 31 मत



पाकर द्वितीय स्थान पर रहे प्रांतीय प्रतिनिधि पर मुकेश कुमार 67 मत पाकर विजई हुए उनके निकटतम प्रतिद्वंदी शुभम मणि त्रिपाठी 28 मत पाकर दूसरे स्थान पर रहे वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर रविंद्र कुमार जाटव निर्विरोध निर्वाचित हुए तथा मंत्री पद पर परमात्मा यादव का निर्विरोध निर्वाचन हुआ एवं कोषाध्यक्ष पद पर विनय कुमार श्रीवास्तव निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए उत्तर प्रदेश ग्राम विकास अधिकारी संघ जनपद शाखा सिद्धार्थनगर के निर्वाचन के लिए अनूप कुमार श्रीवास्तव वरिष्ठ सहायक निर्वाचन अधिकारी नामित किए गए थे जिनकी देखरेख में सकुशल निर्वाचन संपन्न किया गया उक्त निर्वाचन प्रक्रिया में संयुक्त खंड विकास अधिकारी विजय कुमार मिश्रा सहायक विकास अधिकारी आईएसबी शिव बहादुर, उमा शंकर, गौतम, चतुर भान गुप्ता, सुनील कुमार, कुंज गली, मानसी पटेल, तथा ग्राम विकास अधिकारी शेष दत्त मिश्रा, बैजनाथ पांडे, मुख्तार अली, नागेंद्र राव, अंकित शुक्ला, अजहरुद्दीन, मनीराम वर्मा, अनिल मिश्रा, ईश्वर देव, मनोज कुमार, सुभाष चंद्र, उषा दुबे, पंच राजी देवी, जनक नंदिनी, अंबुजा जयसवाल, सुशीला, श्रद्धाश्रीवास्तव, रिंकू, सतीश, धीरज सोनकर, विशाल सोनकर, अनूप कुमार रावत, पीयूष पांडे, सहित पंचानवे ग्राम विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

## आदर्श आचार संहिता लगने के वावजूद जिम्मेदारों ने नेताओ के चित्र के साथ बैठवा डाली पानी की टंकी

अनंत मिश्रा/दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका/सिद्धार्थनगर। नगर पंचायत उसका बाजार के थाना



के ठीक सटे ही जिम्मेदारों ने बैनर के साथ बैठवा डाली पानी की टंकी जहा प्रशासन के सख्त होने पर भी नगर पंचायत उसका बाजार द्वारा बैनर के साथ पानी की टंकी बैठवा डाली और पुलिस को खबर भी नहीं होती है पानी के टंकी पर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक, नगर पंचायत अध्यक्ष का फोटो छपा हुआ पानी का टंकी बैठवा दिया गया आदर्श आचार संहिता के नियमो को ताक पर रखकर नेताओ के चित्र के साथ पानी का टंकी बैठवाया गया लेकिन इस मामले पर जिम्मेदार कुछ बोलना नही चाहते।

## पूरे जीएम ने की कोविड की रोकथाम एवं बचाव हेतु की गई तैयारियों की समीक्षा

गोरखपुर । पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक अनुपम शर्मा ने कोविड की तीसरी लहर को ध्यान में रखते हुये कोविड की रोकथाम एवं बचाव हेतु की गई तैयारियों के परिप्रेक्ष्य में अपर महाप्रबन्धक अमित कुमार अग्रवाल, प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेषक डा0 एस.पी.एस.सचदेवा, प्रमुख विभागाध्यक्ष, तीनों मंडलों के मण्डल रेल प्रबन्धकों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक कर व्यापक दिषा–निर्देष दिये। बैठक को सम्बोधित करते हुये महाप्रबन्धक अनुपम शर्मा ने कहा कि कोविड से रेलकर्मियों को बचाव हेतु सभी आवष्यक कदम उठाये जांय । रेलवे चिकित्सालयों में चिकित्सा उपकरणों, दवाइयों की उपलब्धता सुनिष्चित करने के साथ ही पर्याप्त संख्या में चिकित्सकों की तैनाती करने का निर्देष दिया। पूर्वोत्तर रेलवे मुख्यालय गोरखपुर स्थित ललित नारायण मिश्र रेलवे चिकित्सालय सहित लखनऊ एवं इज्जतनगर के मण्डलीय चिकित्सालयों में 500 लीटरध मिनट क्षमता का तथा मण्डलीय चिकित्सालय,वाराणसी में 250 लीटरधमिनट क्षमता का ऑक्सीजन प्लांट स्थापित कर उन्हें कार्यषील कर दिया गया है, ताकि किसी भी परिस्थिति में ऑक्सीजन की उपलब्धता सुनिष्चित रहे। उप मण्डलीय चिकित्सालय, गोण्डा में भी एक सप्ताह के भीतर 100 लीटरध मिनट क्षमता का ऑक्सीजन प्लांट शुरू हो जायेगा। ललित नारायण मिश्र रेलवे चिकित्सालय में कोविड लेवल–2 के 67 बेड की सुविधा उपलब्ध है, जिसमें 16 बेड का पीडियाट्रिक वार्ड भी है। पूर्वोत्तर रेलवे पर कोविड से बचाव एवं रोकथाम हेतु सभी योग्य रेलकर्मियों को कोविड वैक्सीन की प्रथम डोज तथा 90 प्रतिषत से ज्यादा कर्मियों को द्वितीय डोज लगाई गई है। सेवानिवृत्त एवं कार्यरत रेलकर्मियों के कुल 61814 आश्रितों को कोविड वैक्सीन की प्रथम डोज तथा 52478 को द्वितीय डोज लगाई जा चुकी है। फ्रंट लाइन के कर्मचारियों को बूस्टर डोज दिया जा रहा है। 15 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों का भी टीकाकरण किया जा रहा है। रेलवे स्टेषनों पर नियमित अन्तराल पर कोविड सम्बन्धी प्रोटोकॉल पालन करने हेतु उद्घोषणा की जा रही है। स्टेषन परिसर एवं ट्रेनों में मास्क पहनना अनिवार्य है। मास्क न पहनने पर जुर्माना भी लगाया जा रहा है। गोरखपुर जंक्षन स्टेषन पर दिसम्बर,2021 में कुल 1611 लोगों को बिना मास्क के पकड़ा गया तथा जुर्माना लगाया गया। 10 जनवरी,2022 को भी गोरखपुर जंक्षन स्टेषन पर 52 व्यक्तियों को बिना मास्क के पकड़ा गया और उन पर जुर्माना लगाया गया । सभी यात्रियों से अपील है कि मास्क अनिवार्य रूप से पहने, सोषल डिस्टेंसिंग का ध्यान रखें एवं हाथ को स्वच्छ रखें ।

# शासन की उपेक्षा का शिकार

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर। देश गुलामी के बेड़ियो में जकड़ा पड़ा था। भारत में अग्रेजी हुकुमत का परचम लहरा रहा था। उसी समय जनपद मुख्यालय से 50 किमी दक्षिण गोला कौड़ीराम सड़क मार्ग पर मां सरयू के सिमावर्ती गांव ककरही और गोपलापुर में दो महान विभूतियों ने जन्म लिया।जो देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। इन दोनों महान विभूतियों के घरों को अग्रेजी हुक्मरानों ने जलवा दिया और जेल में डाल दिया। लेकिन ये दोनों मां भारती के लाल ने अपने अदम्य साहस से आगे बढ़ते रहे। यहां हम बात आजादी के मतवाले ककरही गांव के पं. रामलखन शुक्ल और गोपलापुर गांव के केशभान राय की कर रहे हैं। पं. रामलखन शुक्ल ने गोला थाने पर लगा अंग्रेजों का झंडा उतार कर भारत का अपना तिरंगा झंडा फहराया था। उस समय उनके उपर एक अग्रेजी दारोगा ने गोली भी चलाई थी। लेकिन गोली उनकी कनपटी छूते हुए निकल गयी। वही केशभान राय ने पड़ौली के पास अपने कुछ सहयोगियों के साथ



**● देश को आजाद कराने के लिए अपना जीवन न्योछावर करने वालो की प्रतिमा पर छतरी नही हुआ मयस्सर**

**● स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं रामलखन शुक्ल और केशभान राय के नाम पर गांव में पुस्तकालय या पार्क भी नहीं**

टेलिफोन का तार काट दिए थे। केशभान राय देश और समाज प्रेम से ओतप्रोत थे। इन्होंने इस पिछड़े क्षेत्र में निर्बल कमजोर सभी लोगों को सुगम शिक्षा प्राप्त करने के लिए अपने गांव के पास ही एक विद्यालय खोला जिसका नाम आनन्द विद्या पीठ रखा। राय उत्तर प्रदेश सरकार में शिक्षा उप मंत्री भी रह चुके थे। लेकिन इन दोनों महान विभूतियों के न रहने के बाद आज तक किसी सरकार ने इनके गांवों की सुधि नहीं ली। इन दोनों विभूतियों के नाम से नतो कोई सड़क बनी और नही इनके गांवों में इनके नाम से पार्क या पुस्तकालय ही दिया गया। इन दोनों महान विभूतियों के शिष्य रहे प्रदेश सरकार में मंत्री स्व मार्कण्डेय चन्द ने अपने मंत्रित्व काल में अपने दोनों गुरु पं. रामलखन शुक्ल और केशभान राय की प्रतिमा आनंद विद्या पीठ इण्टर कालेज ककरही के बाहर स्थापित करवा दिया। इन दोनों मुर्तियों छत बिहीन पड़ी हुई है। बर्षात के दिनों मुर्तियां भीग कर खराब होती है। लेकिन प्रदेश में चाहे जिसकी भी सरकार बनी किसी ने इन मुर्तियों को छत तक देने की जहमत नही उठाई। क्षेत्र के लोगो का कहना है कि पूर्व काबीना मंत्री स्व मारकण्डेय चन्द रहे होते तो छत भी लग गया होता। आज पूरा देश आजादी का 73 वां अमृत महोत्सव मना रहा है। लेकिन देश को आजाद कराने में अहम भूमिका निभाने वाले इन दोनों महान विभूतियों के मुर्तियों और गांव की तरफ किसी ने रुख तक नही किया।इस मार्ग से गुजरते समय पड़ौली स्थिति आनन्द विद्या पीठ इण्टर कालेज ककरही के बाहर दोनों महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानीयों की लगी मुर्तियों की तरफ लोगों की निगाहें पड़ती है। तो लोगों के मुख से बर्बस ही निकल पड़ता है। कि जो देश की आजादी के लिए सीने पर गोली खाने से नहीं डरे। जो मां भारती को आजाद कराने के लिए आजीवन क्वारे रहने का संकल्प लिया। आज उन महान विभूतियों के मुर्तियों की इतनी उपेक्षा क्यों।

## मानव तस्करी होने से दो नेपाली नाबालिक लड़को को बचाया

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। 43 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी बजहा के जवानों ने दो नेपाली नाबालिक लड़को को मानव तस्करी के चंगुल में फसने से बचाने में सफलता पाई है। सीमा चौकी बजहा प्रभारी व एएचटीयू एस एस बी तथा मानव सेवा संस्थान श्सेवाश् द्वारा प्राथमिक पूछ–ताछ से पता चला की अज्ञात मानव तस्कर नेपाली लड़को को नौकरी व आकर्षक जीवनशैली का सपना दिखाकर मुम्बई ले जाने के फिराक में था। जाँच पड़ताल एवं उचित कार्यवाही के बाद दोनों नाबालिक नेपाली लड़को को मानव सेवा संस्थान श्सेवाश् एव एपीएफ नेपाल की उपस्थिति में नेपाल पुलिस चौकी रँगपुर कपिलवस्तु को अग्रिम कार्यवाही हेतु सुपुर्द कर दिया गया। नेपाली नाबालिक बच्चो को मानव तस्कर के चंगुल से बचने में 43वाहिनी के कार्यवाहक कमांडेंट अमित सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में मानव तस्करी के मामलों पर सशस्त्र सीमा बल के द्वारा पैनी नजर रखी जा रही है जिससे कि किसी भी गरीब परिवारों के बच्चों और लड़कियों को मानव तस्करी में संलिप्त व्यक्ति, नौकरी, शादी व प्यार का झांसा दे कर तथा बहला फुसला कर नेपाल से भारत या भारत से नेपाल तस्करी न कर पाए और उनका शोषण न हो सकें।

## कोरोना से जंग में जुटीं आंगनबाड़ी सेविकाओं में पालिका अध्यक्ष ने कोविड किट किया वितरित

दैनिक बुद्ध का संदेश

महराजगंज/नौतनवां। पूरे विश्व मे कोरोना वायरस ने अपनी



उपस्थिति दर्ज कराना प्रारम्भ कर दिया है जिसकी आहट को भांपते हुए नौतनवा नगर पालिका अध्यक्ष गुड्डू खान ने नौतनवा नगर में कोविड के प्रसार के रोकथाम हेतू बनाई गई निगरानी समितियों की सभी 42 आंगनबाड़ी सेविकाओं में कोविड किट वितरित किया। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष ने निगरानी समिति के पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारी आंगनबाडी सेविकाएं नागरिको की जीवन रक्षा के कार्य में दिन रात जुटीं हैं। इनका मुख्य कार्य अपने क्षेत्रों में संक्रमितों की पहचान, दवाई की उपलब्धता व जरुरतमंदो तक राहत किट जल्द से जल्द पहुंचाना है। इस अवसर पर सभासद शाहनवाज खान, राधेश्याम मौर्या, गुड्डू अन्सारी, अशोक कुमार, प्रमोद पाठक, अमित कुमार, आंगनबाड़ी सेविका फरहत, सुप्रिया, शशि जायसवाल, सुमन शर्मा, किरन शर्मा, ममता चौहान, सीता देवी, प्रमिला जाय0, शचि जाय0, गीता देवी, श्वेता अग्रहरी, बन्दना, स्मिता गौतम, मंजुला चौधरी, विजय लक्ष्मी, मीना देवी, शकुंतला, गंगोत्री देवी आदि लोग उपस्थित रही।

## डीएम एसपी द्वारा धनघटा के अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों का किया गया निरीक्षण

संत कबीर नगर। जिलाधिकारी संतकबीरनगर दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर डॉ कौस्तुभ द्वारा संयुक्त रुप से आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन वर्ष 2022 के दृष्टिगत थाना महुली व थाना धनघटा क्षेत्र के अतिसंवेदनशील मतदान केंद्र पूर्व माध्यमिक विद्यालय मुखलिशपुर नाथनगर महुली, पूर्व माध्यमिक विद्यालय बभनवली हैसर बाजार थाना धनघटा, प्राथमिक विद्यालय टाडा हैसर बाजार, थाना धनघटा का निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन किया गया । इस दौरान बूथ पर बिजली, पानी व सुरक्षा समेत अन्य सुविधाओ का निरीक्षण किया तैयारियों का जायजा लिया गया व पोलिंग सेंटरों पर मतदाताओं की संख्या के हिसाब से आवश्यक प्रबंधन करने के लिये संबंधित को निर्देशित किया गया । पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सुरक्षा व्यवस्था व मतदान के समय मतदाताओं को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना ना करना पड़े इसके लिए संबंधित को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये। महोदय द्वारा मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले लोगों से चुनाव आचार संहिता का पालन करने हेतु निर्देशित किया गया।

## गोरखनाथ मन्दिरः परम्परागत खिचड़ी मेला की तैयारी पूर्ण ,मकर संक्रान्ति महापर्व 15 को

गोरखपुर।'मकर संक्रान्ति' के अवसर पर श्री गोरखनाथ मन्दिर में आयोजित होने वाला परम्परागत खिचड़ी मेला की तैयारी पूर्ण हो चुकी है। इस अवसर पर शिवावतार बाबा गोरखनाथ जी को अपनी पवित्र खिचड़ी चढ़ाने के लिये आने वाले श्रद्धालुजनों की सुविधा एवं सुरक्षा का विशेष ख्याल रखा जा रहा है। इस वर्ष शुभ विक्रम संवत् 2078 शक 1943 पौषमास शुक्लपक्ष दिनांक 14 जनवरी 2022 द्वादशी तिथि दिन शुक्रवार को रात्री समय 8 बजकर 49 मिनट पर सूर्य धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश कर रहे हैं। । इसलिए इस वर्ष 'मकर संक्रान्ति का महापर्व निर्विवाद रूप से 15 जनवरी, 2022' को मनाया जायेगा । उक्त जानकारी श्रीगोरखनाथ मंदिर के 'प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ जी' ने दी। उन्होनें बताया कि धनुराशि से मकर राशि में संक्रमण ही 'मकर संक्रान्ति' कहलाता है। चूँकि जगत्पिता भगवान् सूर्य इस तिथि को उत्तरायण में प्रवेश करते है इसलिये हर प्रकार के मांगलिक एवं पुण्य कार्य इस पवित्र तिथि से प्रारम्भ हो जाते है। मकर संक्रान्ति के दिन स्नान, दान का महत्व शास्त्रों में विशेष रूप से वर्णित है जिसमें चावल, घी, कम्बल, सुवर्ण, गौ आदि प्रमुख है। इस महापर्व को विभिन्न प्रान्तों में खिचड़ी , मकर संक्रान्ति , पोन्गल, लोहड़ी आदि नामों से मनाया जाता हैं । इस अवसर पर उत्तर प्रदेश, बिहार तथा देश के विभिन्न भागों के साथ–साथ पड़ोसी राष्ट्र नेपाल से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन शिवावतार भगवान गोरखनाथ जी को अपनी पवित्र खिचड़ी चढ़ाते है और अपनी मनोकामना की पूर्ति करते है। लाखों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुजनों की सुरक्षा एवं सुविधा का विशेष ध्यान रखते हुये पूरी तैयारी की गई है। योगी कमलनाथ जी ने बताया कि चुंकि मकर संक्रान्ति पर्व परम्परागत रूप से 14 जनवरी को आम श्रद्धालुजन मनाता आया है। दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते है। इस दृष्टि से 13 जनवरी के दोपहर बाद से ही आने वाले श्रद्धालुओं को परिसर में रूकने की व्यवस्था इस भीषण शीतलहरी में गोरखनाथ मन्दिर परिसर स्थित धर्मशाला और अन्य स्थलों पर की गई है। मकर संक्रान्ति के अवसर पर खिचड़ी चढ़ाने वाले श्रद्धालुजन सुविधा पूर्वक भगवान गोरखनाथ जी का दर्शन कर सके इसके लिये बेरीकेटिंग का कार्य पूरी तरह से पूर्ण हो चुका है। मन्दिर परिसर में जगह–जगह अलाव की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था के साथ–साथ परिसर में पहले से मौजूद शुलभ–शौचालय के साथ–साथ मन्दिर परिसर के पश्चिम में नये शौचालय बनाये गये है। इसके अलावा मन्दिर परिसर में विद्युत की आपूर्ति अनवरत् बना रहे, इसके लिये पर्याप्त मात्रा में जनरेटर रखे गये है। मन्दिर और मेला परिक्षेत्र में प्रत्येक गतिविधि को नजर रखने के लिये जगह–जगह सी0सी0 कैमरे लगाये गये है। चूँकि '15 जनवरी को मकर संक्रान्ति' का पर्व मनाया जायेगा इसलिये मकर संक्रान्ति के बाद 'दूसरे मंगलवार जो 25 जनवरी को है, यही बुढ़वा मंगल' के रूप में मनाया जायेगा। योगी कमलनाथ जी ने श्रद्धालुजनों से अपील की है कि 'कोरोना महामारी को देखते हुए शासन–प्रशासन द्वारा जारी गाइड लाइन के अनुसार मेले में मास्क एवं सैनेटाईजर' की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। 'श्रद्धालु मास्क' लगाकर ही आयें। चूँकि 'गोरखनाथ मंदिर को पॉलिथीन मुक्त क्षेत्र घोषित किया गया है अतः पवित्र खिचड़ी चढ़ाने के खिचड़ी को पॉलिथीन में रखकर न लाएँ'। इसके अलावा 15 जनवरी को विभिन्न स्वयंसेवी सस्थाओं द्वारा दस न0 बोरिंग, पचपेड़वा, बरगदवा, मोहद्दीपुर, नौसड़ आदि स्थलों पर श्रद्धालुओं हेतु खिचड़ी (प्रसाद) की व्यवस्था की गई है ।

## एसबीटी पब्लिक स्कूल बखरा में दूसरे दिन भी कोरोनारोधी टीका लगा

### 15 से 18 साल तक के सभी बच्चों को कोरोनारोधी टीका अनिवार्य- डीआईओएस

दैनिक बुद्ध का संदेश

गौरी बाजार/देवरिया। गौरी बाजार क्षेत्र के एसबीटी पब्लिक स्कूल बिशुनपुरा बखरा में दूसरे दिन भी कोरोनारोधी टीका लगा। इसके पहले भी शनिवार को 11वीं तथा 12वीं कक्षा के 138 छात्र–छात्राओं को टीका लगा था। शेष छात्र छात्राओं को आज मंगलवार को गौरी बाजार की




टीकाकरण टीम द्वारा टीका लगाया गया। सीएचसी प्रभारी गौरी बाजार डॉ बी एन गिरी की देखरेख में ए एन एम सरिता विश्वकर्मा संतोष व आशा कार्यकत्री आरती देवी व रुना देवी ने छात्र–छात्राओं का टीकाकरण किया। मौके पर डीआईओएस देवरिया ने स्कूल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया तथा उन्होंने बताया कि कक्षा 9 से 12 तक जो भी छात्र छात्राएं 15 साल की उम्र पूरी कर चुके हैं, वे सभी टीकाकरण अवश्य कराएं। इस अभियान में विद्यालय परिवार द्वारा उचित सहयोग दिया गया। बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मास्क व सेनेटाइजर की व्यवस्था भी की गई।

## महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय और बीआरडी मेडिकल कॉलेज के बीच हुआ एमओयू साइन

गोरखपुर ।महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय ने मंगलवार को बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर के साथ एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) साइन किया। इस एमओयू के तहत दोनों संस्थाएं चिकित्सा शिक्षा और मरीजों के इलाज के मोर्चे पर मिलकर काम करेंगी। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) अतुल वाजपेयी और बीआरडी मेडिकल कालेज की ओर से प्राचार्य डॉ. गणेश कुमार ने दस्तखत किए। इस दौरान महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. प्रदीप राव और बीआरडी की ओर से डॉ. अमरेश सिंह और डॉ. राजकुमार की भी मौजूदगी रही।

डॉ.प्रदीप राव ने बताया कि कोविड के बढ़ते मामलों के बीच इस एमओयू के साइन हो जाने से मरीजों के इलाज में काफी मदद मिलेगी।

महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय अपने दो सौ बेड के अस्पताल और एलोपैथ और आयुर्वेद के करीब 50 डाक्टरों की टीम के साथ बीआरडी और एम्स गोरखपुर के साथ मिलकर काम करेगा। उन्होंने बताया कि महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में 200 बेड का ऑक्सीजन युक्त अस्पताल तैयार है। जरूरत पड़ने पर कभी भी इन संसाधनों का इस्तेमाल किया जा सकता है।

# सम्पादकीय

**दूसरे शब्दों में कहा जाए तो आर्थिक आरक्षण के मामले में आय सीमा 8 लाख होने के बावजूद ओबीसी आरक्षण के मुकाबले यह ज्यादा कड़ी हो जाती है। इसलिए दोनों को समान नहीं कहा जा सकता। इसके साथ ही कमिटी ने यह भी कहा कि उसकी सिफारिशें अगले सत्र से लागू की जाएं ताकि इस सत्र की शुरुआत में होने ...**

## आय सीमा का सवाल

एक्सपर्ट कमिटी द्वारा आर्थिक दृष्टि से कमजोर तबके (ईडब्ल्यूएस) के आरक्षण के लिए 8 लाख रुपये की आय सीमा को तर्कसंगत करार दिए जाने और केंद्र सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट में कमिटी की इस रिपोर्ट को मान्य बताए जाने के बाद अब यह जटिल समस्या हल की ओर बढ़ती दिख रही है। दरअसल, आर्थिक दृष्टि से कमजोर तबके के लिए आरक्षण के मामले में 8 लाख रुपये की आय सीमा को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी और इस मामले में कोर्ट ने सरकार से कई वाजिब सवाल पूछे थे। कोर्ट ने कहा था कि नीति निर्धारित करना सरकार का काम है और वह उस क्षेत्र में दखल नहीं देना चाहता, लेकिन सरकार द्वारा निर्धारित नीतियों का ठोस, तार्किक और संवैधानिक आधार होना चाहिए। इसी संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट ने ओबीसी आरक्षण में क्रीमी लेयर के लिए 8 लाख की आय सीमा के समान ही आर्थिक रूप से कमजोर तबके के आरक्षण में भी 8 लाख की आय सीमा रखे जाने पर सवाल उठाते हुए कहा था कि दोनों तबकों में मूलभूत अंतर है।

ईडब्ल्यूएस आर्थिक पैमाने पर भले ही कमजोर हों, सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े तबकों के रूप में चिह्नित नहीं किए जा सकते। ऐसे में इन दोनों के लिए एक ही आय सीमा रखना कैसे वाजिब माना जा सकता है! इसके बाद सरकार ने प्रस्तावित आय सीमा पर पुनर्विचार की तैयारी दिखाते हुए एक एक्सपर्ट कमिटी गठित कर दी। कमिटी ने सभी पहलुओं से विचार–विमर्श करने के बाद हालांकि इसी आय सीमा को जारी रखने का सुझाव दिया, लेकिन अपनी रिपोर्ट में इसके ठोस आधार भी बताए। अव्वल तो यह कि आर्थिक आधार पर आरक्षण के लिए सिर्फ एक साल की आय का ब्योरा मांगा जाता है, जबकि ओबीसी मामले में पिछले तीन वर्षों की सालाना आय का ब्योरा देखा जाता है। दूसरी बात यह है कि ईडब्ल्यूएस के विपरीत ओबीसी मामले में खेती से होने वाली आय और परिजनों की सैलरी से होने वाली आय शामिल नहीं की जाती। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो आर्थिक आरक्षण के मामले में आय सीमा 8 लाख होने के बावजूद ओबीसी आरक्षण के मुकाबले यह ज्यादा कड़ी हो जाती है। इसलिए दोनों को समान नहीं कहा जा सकता। इसके साथ ही कमिटी ने यह भी कहा कि उसकी सिफारिशें अगले सत्र से लागू की जाएं ताकि इस सत्र की शुरुआत में होने वाले विलंब से बचा जा सके। इन सबसे इतना तो माना जा सकता है कि सरकार और कमिटी ने अपनी तरफ से स्थितियों को साफ करने की कोशिश की है। लेकिन आज के दौर में आरक्षण अपने आप में इतना जटिल मसला हो गया है और इससे इतने परस्परविरोधी हित जुड़ गए हैं कि कब, कहां, किस वजह से पेच उलझ जाएगा, कहा नहीं जा सकता। बहरहाल, इस स्पष्टीकरण और पहल से अगर नीट–पीजी एडमिशन की अटकी हुई प्रक्रिया आगे बढ़ जाए तो वह भी एक बड़ी राहत होगी।

# कविता

## सियासत

किसी को दोस्ती प्यारी नहीं होती सियासत में,
करीबी दोस्त ही करते हैं गद्दारी सियासत में।।

सियासत से शराफत का कोई रिश्ता नहीं साहब !
चले बस झूठ, धोका और मक्कारी सियासत में ।।

सियासत की तिजारत में, महज मौकापरस्ती है,
कहीं मिलता नहीं लफ्जे वफादारी सियासत में ।।

जो मौका देखकर चौका लगा देने में हैं माहिर !
वही तो खेलते हैं अब बड़ी पारी सियासत में।।

जो पाते भीख वोटों की, वो सब नोटों पे सोते हैं,
मगर लगती है जनता सबसे बेचारी सियासत में ।।

कभी पगड़ी, कभी टोपी, कभी मफलर में लें सेल्फी !
किया करता है हर नेता अदाकारी सियासत में ।।

करो कुछ और बातें नियाज उल्फत की, मोहब्बत की !
चलो छोड़ो करो न अब मगजमारी सियासत में ।।



**सिद्धार्थनगर–**
**नियाज कपिलवस्तुवी /**
**दैनिक बुद्ध का संदेश**

# स्वामी विवेकानंद की विचारधारा युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं

**उसने अभियान के लिये फंड जुटाया। इस अभियान के लिये फ्रांस के आल्प्स पर्वत शृंखलाओं की बर्फीली दरारों में दक्षिणी ध्रुव की परिस्थितियों के अनुकूल ढलने के लिये कठोर प्रशिक्षण लिया। साथ ही आइसलैंड के ग्लेशियर पर ट्रैकिंग भी की। कठिन साधना के लिये ग्रीनलैंड के बर्फीले इलाके में करीब एक माह का समय लगाया। साथ ही बर्फ पर भारी–भरकम स्लेज गाड़ी को खींचने का अभ्यास अपनी...**

प्रो. सुरेश चंद्र नायक

आज की प्रौद्योगिकी संचालित दुनिया में, युवा एक लक्ष्य  पर ध्यान केंद्रित करने में सक्षम नहीं हो पा रहे हैं, इसलिए स्वामी विवेकानंद जी  के दर्शन को समझने की आवश्यकता  है 7सन् 1984 में भारत सरकार ने 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती के रूप मनाने की घोषणा की थी। तब से हम इस दिन को पूरी ईमानदारी के साथ मना रहे हैं और अपने देश के युवाओं के बीच स्वामी विवेकानंद की विचारधारा को प्रेषित करने का प्रयास कर रहे हैं । 12 जनवरी 1863 को नरेंद्र नाथ दत्त का जन्म हिन्दू परिवार में हुआ 7 जिन्हे बाद में स्वामी विवेकानंद के नाम से दुनिया भर में जाना गया 7 युवाओं के प्रति उनकी सोंच के कारण भारत में हर साल 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। युवाओं के लिए प्रेरणा के अपार स्रोत रहे स्वामी विवेकानंद की कही एक–एक बात युवाओं को ऊर्जा से भर देती है। अपने छोटे से जीवन काल में ही उन्होंने पूरे दुनिया पर भारत और हिंदुत्व की गहरी छाप छोड़ी । 11 सितंबर 1893 को शिकागो में हुए विश्व धर्म सम्मेलन में एक बेहद चर्चित भाषण दिया था, जो आज भी युवाओं को गर्व से भर देता है। युवाओं को प्रेरित करने वाले उनके विचार कुछ इस प्रकार है–

उठो, जागो और तब तक नहीं रुको जब तक लक्ष्य ना प्राप्त हो जाये। उठो मेरे शेरो, इस भ्रम को मिटा दो कि तुम निर्बल हो । तुम एक अमर आत्मा हो, स्वच्छंद जीव हो, धन्य हो, सनातन हो, तुम तत्व नहीं हो, ना ही शरीर हो, तत्व तुम्हारा सेवक है तुम तत्व के सेवक नहीं हो। विवेकानंद युवाओं से कहते हैं कि जिस तरह से विभिन्न स्रोतों से उत्पन्न धाराएं अपना जल समुद्र में मिला देती हैं, उसी प्रकार मनुष्य द्वारा चुना हर मार्ग, चाहे अच्छा हो या बुरा भगवान तक जाता है। हमारा कर्तव्य है कि हम हर किसी को उसका उच्चतम आदर्श जीवन जीने के संघर्ष में प्रोत्साहन करें, और साथ ही साथ उस आदर्श को सत्य के जितना निकट हो सके लाने का प्रयास करें। युवा हमेशा सही रास्ते पर चलने का प्रयास करें तब जाके  वो अपने लक्ष्य  को प्राप्त कर सकते हैं । स्वामी कहते हैं कि तुम्हे अन्दर से बाहर की तरफ विकसित होना है। कोई तुम्हे पढ़ा नहीं सकता, कोई तुम्हे आध्यात्मिक नहीं बना सकता। तुम्हारी आत्मा के अलावा कोई और गुरु नहीं है।श  यदि आप अपने जीवन में उत्कृष्ट बनना  चाहते हैं आप को  अपने अन्तर मन की बात सुननी पड़ेगी।

उनके अनुसार जीवन में श्एक विचार लो, उस विचार को अपना जीवन बना लो दृ उसके बारे में सोचो उसके सपने देखो, उस विचार को जियो। अपने मस्तिष्क, मांसपेशियों, नसों, शरीर के हर हिस्से को उस विचार में डूब जाने दो, और बाकी सभी विचार को किनारे रख दो। यही सफल होने का तरीका है।उनका यह भी मानना था जब तक आप खुद पर विश्वास नहीं करते तब तक आप भगवान पर विश्वास नहीं कर सकते हैं 7 सत्य को हजार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर सत्य एक ही होगा।

21वीं सदी में, जब भारत के युवा नई समस्याओं का सामना कर रहे हैं, और बेहतर भविष्य की आकांक्षा कर रहे हैं, तब इस दौर में स्वामी विवेकानंद के विचार अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। सार्थक जीवन जीने के लिए  उनके चार मन्त्रों  द्वारा उनके विचारों को समझा जा सकता है दृ शारीरिकरू शारीरिक खोज से उनका मतलब था, मानव शरीर की देखभाल करना और शारीरिक कष्टों को कम करने के लिए गतिविधियाँ करना। विवेकानंद का विचार था कि युवा तभी सफल जीवन जी सकते हैं जब वे शारीरिक रूप से स्वस्थ हों। सामाजिक मंत्र में विवेकानंद चाहते थे कि युवा न केवल समाज की बेहतरी के लिए बल्कि अपने व्यक्तिगत विकास और सामाजिक विकास के लिए भी गतिविधियां करें। उन्होंने युवाओं को मनुष्य में भगवान की सेवा करने की सलाह दी। विवेकानंद ने अध्यात्म को समाज सेवा से जोड़ा । बौद्धिक मंत्र में  उन्होंने बौद्धिक खोज यानी स्कूल, कॉलेज चलाने और जागरूकता और अधिकारिता कार्यक्रम चलाने की ऊपर जोर दिया और अपने बौद्धिक स्तर को ऊपर उठाना, ज्ञान प्राप्त करना और इसे समाज के साथ फैलाना  है। उन्होंने सुझाव दिया कि भारतीय समाज के पुनर्निर्माण के लिए शिक्षा लोगों को सशक्त बनाने का प्राथमिक साधन है और सबके लिए शिक्षा पर जोर दिया। आध्यात्मिक खोज पर उन्होंने सुझाव दिया कि युवा पश्चिम से बहुत कुछ सीख सकते हैं लेकिन हमें अपनी आध्यात्मिक विरासत में विश्वास रखना चाहिए। आज, जब हमारे युवा भौतिक सफलता के बावजूद बढ़ते अलगाव, उद्देश्यहीनता, अवसाद और  खुद को जकड़े हुए पाते हैं, तो उन्हें आध्यात्मिक खोज के लिए जाना चाहिए और अधिक से अधिक लक्ष्य प्राप्त करना चाहिए।

स्वामी जी ने कहा, जीवन छोटा है, लेकिन आत्मा अमर और शाश्वत है, और एक बात निश्चित है, मृत्यु..., आइए हम एक महान आदर्श को अपनाएं और अपना पूरा जीवन इसके लिए त्याग दें। विवेकानंद ने युवाओं के लिए एक आदर्श और लक्ष्य के रूप में इन चार खोजों की सलाह दी। इन मन्त्रों का उद्देश्य समग्र रूप से व्यक्तिगत और राष्ट्रीय चेतना को जगाना था। इसलिए उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे अपनी सामूहिक ऊर्जा को राष्ट्र निर्माण की ओर लगाएं। स्वामी विवेकानंद ने भारतीय संस्कृति की जड़ों से जुडने के लिए हमारे देश के अन्य महान विचारकों द्वारा किए गए प्रयासों को आगे बढ़ाया। यही कारण है कि उन्हें दुनिया भर में स्वीकार्य है और उन्हें सनातन धर्म के प्रवक्ता के रूप में स्थापित करता है, जो हिंदुस्तान और हिंदुस्तानी संस्कृति का प्रतीक है।

प्रोफेसर, एमिटी स्कूल ऑफ कम्युनिकेशन, एमिटी यूनिवर्सिटी, छत्तीसगढ़

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# अफगानिस्तान में गहरी पैठ बनाने के मंसूबे

**उन्होंने बहुप्रचारित लोकतंत्र शिखर सम्मेलन में भाग लेने को पाकिस्तान को आमंत्रित किया, जबकि पाकिस्तान के राष्ट्रीय जीवन में सेना सदा मुख्य खिलाड़ी रही है। जबकि बाइडेन ने दक्षिण एशिया के स्थापित लोकतंत्र जैसे कि श्रीलंका और बांग्लादेश को बुलाना सही नहीं समझा। लेकिन इमरान खान ने यह निमंत्रण स्वीकार नहीं किया। राष्ट्रपति पुतिन की हालिया भारत यात्रा से साफ हो गया है ...**

जी. पार्थसारथी

इमरान खान पाकिस्तान के पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने वर्तमान सेनाध्यक्ष जनरल बाजवा और उनकी जगह लेने की महत्वाकांक्षा रखने वाले और अपने चहेते पूर्व आईएसआई मुखिया ले. जनरल फैज हमीद के बीच रार पैदा करवाने की श्शोहरतत्य हासिल की है। बाजवा का कार्यकाल 1 नवंबर, 2022 तक है। यह फैज हमीद वही हैं जिन्होंने अफगानिस्तान पहुंचकर आईएसआई के कुख्यात चेले हक्कानी नेटवर्क का प्रयोग करके मुल्ला अब्दुल गनी बरादर को बेदखल कर काबुल से कंधार जाने को मजबूर कर अंतर्राष्ट्रीय कुख्याति पाई थी। जबकि बरादर का प्रधानमंत्री बनना लगभग तय था। तत्पश्चात तत्कालीन इस आईएसआई प्रमुख की भागीदारी और उपस्थिति में अफगानिस्तान की नई काबीना को शपथ दिलवाई गई। जाहिर है इमरान खान को इस तमाम कार्रवाई का इल्म था और समर्थन भी, लेकिन यह करवाना खुद के लिए नई समस्या पैदा करना था। ऐसी कोई वजह नहीं कि ले. जनरल फैज हमीद की जगह बने नए आईएसआई प्रमुख ले. जनरल नदीम अहमद अंजुम भी अपने पूर्ववर्ती की तरह इमरान खान की धुन पर खुशी–खुशी नाचेंगे। यह सब उस समय हो रहा है जब बांग्लादेश पाकिस्तानी शिकंजे से निजात लेकर पाई आजादी की 50वीं वर्षगांठ मना रहा है। पाकिस्तान की सोच थी कि बांग्लादेश विदेशी खैरात पर पलने वाला एक भिखारी मुल्क बनकर रह जाएगा। आज अधिकांश आर्थिक सूचकांकों में बांग्लादेश ने पाकिस्तान को पछाड़ दिया है। यह छवि खुद को दुनियाभर के कट्टर इस्लामिक संगठनों का अग्रणी चौंपियन होने का दिखावा करने वाले पाकिस्तान से एकदम जुदा है। कुछ पाकिस्तानी जैसे कि नामचीन भौतिक विज्ञानी परवेज हुडबॉय का कहना है, श्आज कुछ अर्थशास्त्री मानते हैं कि बांग्लादेश अगला एशियन टाइगर होने जा रहा है। पिछले साल उसकी आर्थिक वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही थी, जो भारत के 8 फीसदी के बराबर है और पाकिस्तानी की 5.8 प्रतिशत से काफी ऊपर। आज एक बांग्ला नागरिक पर कर्ज औसतन 434 डॉलर है जो एक पाकिस्तानी के सिर चढ़े 974 डॉलर के आधे से कम है। बांग्लादेश का विदेशी मुद्रा भंडार 32 बिलियन डॉलर है जो कि पाकिस्तान के 8 बिलियन डॉलर से चार गुणा है। हकीकत में पाक का विदेशी मुद्रा भंडार बांग्लादेश का एक–चौथाई तो 640 बिलियन डॉलर वाले भारत का महज 1.2 फीसदी है। दुनिया को ताजुब्ब हुआ कि अफगानिस्तान के पांच पड़ोसी मुल्कदृ कजाखष्स्तिान, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान, किर्गिजस्तान और उज्बेकिस्तान के विदेश मंत्री इस्लामाबाद में हुए इस्लामिक देशों के सम्मेलन को बीच में छोड़कर नई दिल्ली में आयोजित विदेश मंत्री बैठक में भाग लेने को रवाना हो गए थे। भारत ने यह वार्ता अफगानिस्तान में तालिबान शासन के बाद पैदा हुई समस्याओं पर क्षेत्रीय सहयोग पर विमर्श को बुलाई थी। इस्लामाबाद वाले सम्मेलन का उद्घाटन इमरान खान ने किया था। हालांकि जिन देशों ने शिरकत करी, उनसे सउदी अरब के अलावा आयोजन हेतु मदद पाने की उम्मीद ज्यादा नहीं थी, उसे बतौर अंतर्राष्ट्रीय इस्लामिक संगठन संस्थापक इमदाद करनी पड़ी।

इमरान खान के शासन में पाकिस्तान ने तालिबान राज से पैदा हुई वैश्विक चिंताओं पर, खुद को राजनयिक तौर पर धुरी पेश कर, हर संभव तरीके से भुनाने की कोशिश की है। लेकिन अपनी घरेलू समस्याओं की वजह से इमरान खान के समक्ष अनेकानेक गंभीर चुनौतियां हैं। इमरान खान का एक तरह से तालिबान का प्रवक्ता बनकर उसकी रूढियों को जायज ठहराना, मसलन, महिलाओं को शिक्षा और रोजगार के मौकों से महरूम रखना, निश्चित तौर पर अमेरिका और उसके यूरोपीय सहयोगी व खुद कई इस्लामिक मुल्कों को यह रुख पसंद नहीं आया है। सबसे महत्वपूर्ण है जरूरी वस्तुओं की किल्लत झेल रहे अफगानिस्तान को अतंर्राष्ट्रीय सहायता पहुंचाना। भारत, ईरान और मध्य एशियाई सहयोगी देश उपाय करके, ईरान के चाबहार बंदरगाह का ज्यादा इस्तेमाल करते हुए अफगानिस्तान तक सामग्री–आपूर्ति गलियारा बना सकते हैं। ब्लूचिस्तान के लोगों में पाकिस्तान और खासकर उसका श्सदाबहारत्य दोस्त चीन लोकप्रिय नहीं हैं। मछली पकडने वाली चीनी नौकाओं द्वारा ब्लूचिस्तान के तटों के काफी नजदीक आकर स्थानीय मत्स्य खजाने में सेंध लगाने से खफा हुए बलूचों से निपटने में पाकिस्तान को बहुत मशक्कत करनी पड़ती है। इमरान खान के लिए 2023 के आम चुनाव के मद्देनजर आगामी दो साल बहुत महत्वपूर्ण हैं। इससे भी पहले, सेनाध्यक्ष बाजवा नवम्बर, 2022 में सेवानिवृत्त होने को अग्रसर हैं, अगले सेना प्रमुख का फैसला बहुत अहम होगा । इमरान खान और बाजवा के बीच संबंध पहले काफी मधुर थे लेकिन हाल ही में मतभेद उभरकर सार्वजनिक हो गए जब इमरान खान ने बाजवा द्वारा अपने चहेते और पूर्व आईएसआई प्रमुख ले. जनरल फैज हमीद की बदली बतौर कोर कमांडर करने वाले आदेश पर दस्तखत करना टाले रखा। हालांकि बाद में किरकिरी करवाकर अंततरू इमरान खान को बाजवा के नामांकित ले. जनरल नदीम अहमद अंजुम की नियुक्ति बतौर आईएसआई प्रमुख स्वीकार करनी पड़ी। अमेरिका के श्आतंक के खिलाफत्य युद्ध में भूमिका निभाने के पाकिस्तानी दावों के बावजूद उस पर तालिबान की अंदरखाते मदद करने के इल्जाम लगातार जारी रहे थे। इस लड़ाई में मदद के नाम पर दो दशकों तक अमेरिका को आर्थिक एवं सैन्य रूप से दुहने वाला पाकिस्तान आज खुद को अमेरिका से हताश हुआ बता रहा है। जबकि ज्यादातर अमेरिकियों को अहसास है कि वे पाकिस्तान की दोहरी चाल के शिकार बने रहे। भारत ने अफगानिस्तान में अमेरिका के उक्त श्आतंक के खिलाफत्य युद्ध में सैन्य शिरकत न करके सही किया था, हालांकि निर्वाचित अफगान सरकार को रक्षा एवं आर्थिक सहायता प्रदान जारी रखी थी। राष्ट्रपति बाइडेन आज भी पाकिस्तान के प्रति गर्मजोशी रखते हैं। उन्होंने बहुप्रचारित लोकतंत्र शिखर सम्मेलन में भाग लेने को पाकिस्तान को आमंत्रित किया, जबकि पाकिस्तान के राष्ट्रीय जीवन में सेना सदा मुख्य खिलाड़ी रही है। जबकि बाइडेन ने दक्षिण एशिया के स्थापित लोकतंत्र जैसे कि श्रीलंका और बांग्लादेश को बुलाना सही नहीं समझा। लेकिन इमरान खान ने यह निमंत्रण स्वीकार नहीं किया। राष्ट्रपति पुतिन की हालिया भारत यात्रा से साफ हो गया है कि भारत अपनी सामरिक सार्वभौमिकता शिद्दत से कायम रखेगा। सामरिक भागीदारी किससे रखनी है या नहीं, यह निर्णय भारत बाइडेन के दबाव में आकर नहीं लेगा। रोचक यह भी है कि तालिबान सैनिकों ने हाल ही में पाक–अफगान अंतर्राष्ट्रीय सीमादृ ड्यूरंड रेखादृ पर बाड़ लगाने के पाकिस्तानी यत्नों को विफल कर दिया है।



## 4764 फ्रंटलाइन व हेल्थकेयर वर्करों को लगा बूस्टर डोज

देवरिया। बुजुर्गों को बूस्टर डोज लगाने का अभियान शुरू हुआ। स्टेडियम व पुलिस लाइन में बूस्टर डोज लगाने के लिए मेगा कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान 4764 फ्रंटलाइन वर्कर व हेल्थ केयर वर्करों को बूस्टर डोज लगाया गया। डीएम आशुतोष निरंजन ने कैंप का निरीक्षण किया। स्टेडियम में 15 बूथ, पुलिस लाइन में 15 बूथ सहित जिले में 712 बूथों पर बूस्टर डोज स्वास्थ्यकर्मी, फ्रंटलाइन कर्मी और 60 वर्ष से अधिक आयु के रोगियों को लगाई गई। अर्बन क्षेत्र में पुलिस लाइन में बने बूथों पर सीएमओ डा. आलोक पांडेय, पुलिस अधीक्षक श्रीपति मिश्रा, एडीएम प्रशासन कुंवर पंकज और एसडीएम सदर सौरभ कुमार सिंह ने बूस्टर डोज लगवाया। सीएमओ डा. आलोक पांडेय ने बताया कि यह डोज उन लोगों को लगाई जा रही है जिन्होंने नौ महीने पहले टीके की दोनों डोज लगवा ली है। इनमें हेल्थ वर्कर और सरकारी कर्मचारी शामिल हैं। जिसमें 11613 स्वास्थ्य कर्मियों, 11663 फ्रंट लाइन वर्कर और 60 वर्ष से अधिक 58111 लोगों को बूस्टर डोज लगाई जाएगी। उन्होंने बताया कि आम लोगों में जो लोग 60 वर्ष से अधिक उम्र के हैं और उन्हें कोई बीमारी है। ऐसे लोगों को उनके डाक्टर की सलाह के बाद डोज लगाई जा रही है।

## साइबर सेल ने ठगे गए 90 हजार रुपये वापस कराए

देवरिया। जनपद में साइबर अपराध के मामले बढ़ते जा रहे हैं। ऐसे में एसपी कार्यालय में कार्यरत साइबर सेल के सामने चुनौतियां बढ़ गई है। साइबर सेल को काफी दिनों बाद दो मामलों में 90500 रुपये पीड़ितों के बैंक खाते में वापस कराने में सफलता मिली है। एक मामले में आठ माह लग गए। प्राथमिक विद्यालय सलेमपुर में कार्यरत सहायक अध्यापक वंदना यादव के बैंक खाते से साइबर अपराधी ने 23 मार्च 2021 को तीन बार में 25 हजार रुपये की निकासी कर ली। जबकि एटीएम उनके पास था। रुपये निकलने की जानकारी होने पर उन्होंने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। आठ माह के प्रयास के बाद साइबर सेल को रुपये वापस कराने में सफलता मिली। दूसरा मामला सदर कोतवाली के भीमपुर गांव का है। गांव के रहने वाले विजय प्रताप सिंह के मोबाइल से किसी व्यक्ति ने सिम निकाल दिया और अपना सिम डालकर पेटीएम का प्रयोग कर 65500 रुपये बैंक खाते से निकाल लिए। उन्होंने 21 दिसंबर 2021 को एसपी कार्यालय स्थित साइबर सेल में इसकी शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की। साइबर सेल ने मामले की छानबीन तो शिकायत सही मिली। उसके बाद 65500 रुपये बैंक खाते में वापस कराए। प्रशिक्षु सीओ विनय कुमार यादव ने बताया कि साइबर सेल को दो मामलों में रुपये वापस कराने में सफलता मिली है। साइबर सेल अन्य मामलों में भी रुपये वापस करने के प्रयास में लगी है।

## शहर से निकल रहा हर दिन 80 टन कचरा, नहीं लगा वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट

देवरिया। शहर से निकलने वाले कूड़ा–कचरा के निस्तारण के लिए सालिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट तैयार नहीं हो सका है। जिसके चलते कूड़ा निस्तारण की अच्छी व्यवस्था नहीं हो सकी है। कूड़ा इधर–उधर गिरा जा रहा है। हालांकि नगर पालिका प्रशासन प्लांट लगाने के लिए 3.75 करोड़ रुपये भी कार्यदायी संस्था दिया गया है। शहर से प्रतिदिन 75 से 80 टन कूड़ा निकलता है। कूड़ा निस्तारण के लिए दो साल पहले उसरा बाजार में सालिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट की स्थापना के लिए दो करोड़ 44 लाख रुपये की लागत से भूमि खरीदी गई है। नगरपालिका ने चारो तरफ दीवार भी खड़ी कर दी है, लेकिन अभी तक वहां प्लांट की स्थापना नहीं हो सकी है। प्लांट तैयार करने में साढ़े छह करोड़ रुपये का खर्च आएगा। प्लांट का निर्माण न होने से उसरा बाजार में कूड़ा नहीं गिराया जा रहा है। कूड़ा गिराने की व्यवस्था न होने से नगरपालिका खाली प्लाटों में कूड़ा गिरा रहा है। प्लांट में शहर से निकलने वाले कूड़ा से खाद व प्लास्टिक के सामान बनाए जाएंगे, प्लांट निर्माण के लिए कार्यदायी संस्था सीएनडीएस को को जिम्मेदारी दी गई है। नगर पालिका के अध्यक्ष अलका सिंह ने बताया कि प्लांट के लिए कार्यदायी संस्था सीएनडीएस को धन बहुत पहले ही दे दिया गया है। प्लांट तक जाने के लिए सड़क नहीं थी, सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। कार्यदायी संस्था ने प्लांट निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली है। जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है। अभी लोगों के कहने पर उनके खेतों में कचरा गिराया जा रहा है।

## इंटरनेट मीडिया में प्रचार पर होगी पुलिस की पैनी नजर

महराजगंज। विधानसभा को लेकर शुरू हो चुकी गतिविधियों के बीच तैयारियों पर प्रशासन ने फोकस करना शुरू कर दिया है। चुनाव प्रचार–प्रसार की सामग्रियों को समेटते हुए हर जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। यहां पर कोई राजनीतिक पार्टी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न कर सके, इसके लिए इंटरनेट मीडिया पर भी नजर गड़ा दी गई है। पुलिस विभाग के सर्विलांस सेल व साइबर सेल की टीम लगातार इंटरनेट मीडिया पर निगरानी कर रही है। इस दौरान दौरान यदि भड़काऊ पोस्ट या टिप्पणी की जाती है तो मुकदमा दर्ज किया जाएगा। चुनाव को लेकर अधिसूचना के बाद से पुलिस व प्रशासन ने सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। आचार संहिता के चलते प्रशासन ने यहां तेवर बदलने के साथ ही राजनीतिक पार्टियों की गतिविधियों की निगरानी के लिए सक्रियता बढ़ा दी है। कोविड प्रोटोकाल के चलते ज्यादातर पार्टी व उनके संभावित उम्मीदवार प्रचार–प्रसार के लिए इंटरनेट मीडिया पर सक्रिय होंगे। फेसबुक, ट्विटर हैंडल, इंस्टाग्राम समेत अन्य डिजिटल प्लेटफार्म पर तेजी से दांव चले जाएंगे। शांति व सौहार्द के साथ चुनाव संपन्न कराने की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं। इंटरनेट मीडिया पर यदि कोई ऐसी टिप्पणी या पोस्ट देखने को मिलता है जो आचार संहिता के उल्लंघन श्रेणी में होगा तो ऐसे में कार्रवाई की जाएगी।

## 16 असलहों के लाइसेंस निरस्त, जमा कराने के निर्देश

महराजगंज। जिले में दो से अधिक असलहों के लाइसेंस रखने वाले कुल 16 असलहा धारकों के शस्त्र का एक लाइसेंस निरस्त कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने निरस्तीकरण की कार्रवाई के बाद पुलिस अधीक्षक को सभी निरस्त लाइसेंस की प्रतियां व असलहों को जमा कराने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने बताया कि नए नियमों के अनुरूप एक व्यक्ति अपने नाम से सिर्फ दो असलहों का लाइसेंस रख कर सकता है। जिसके क्रम में तीन लाइसेंस रखने वालों को सूचित करते हुए अपना तीसरा लाइसेंस सरेंडर करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद लोगों ने अपना लाइसेंस सरेंडर नहीं किया। इसमें फरेंदा थाना क्षेत्र के मो. एजाज खान, रामप्रकाश सिंह, देवेंद्र कुमार तिवारी व सैय्यद अरसद, घुघली थाना क्षेत्र के महंत प्रेमनाथ गिरी, कोठीभार थाना क्षेत्र के शिवेंद्र सिंह, तुलिका सिंह, सदर कोतवाली की प्रतिमा शुक्ला, ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, कपिल देव राय, पनियरा क्षेत्र के शेख जमील, शेख शकील, निचलौल के अमरीश यादव, मो. इकराम खान, श्यामदेउरवा के रामप्रसाद आर्य और नौतनवा के जगदीश प्रसाद गुप्ता का नाम शामिल है। पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता ने बताया कि आदेश के क्रम में सभी को थाना स्तर से नोटिस भेजकर असलहा और निरस्त लाइसेंस के अभिलेख जमा कराए जाने को लेकर थानेदारों को निर्देश दिए गए हैं।

# मास्टर ट्रेनरों को दी गई ईवीएम व वीवीपैट संचालन की जानकारी

देवरिया। विधानसभा चुनाव को संपन्न कराने के लिए मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें ईवीएम व वीवीपैट के संचालन व बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट व वीवीपैट को एक दूसरे से कनेक्ट करने का तरीका भी बताया गया। सीडीओ रवींद्र कुमार ने अनुपस्थित 11 लोगों को 12 जनवरी के प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित न होने पर वेतन बाधित करने व अन्य कार्रवाई की चेतावनी दी है। विकास भवन के गांधी सभागार में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले दिन 100 मास्टर ट्रेनरों को बुलाया गया, जिसमें 89 ही उपस्थित हुए। प्रशिक्षण दो सत्रों में चला। प्रथम सत्र में विधानसभा चुनाव के सैद्धांतिक पक्ष की चर्चा की गई। पोलिंग पार्टियों का गठन, मतदान अधिकारियों के दायित्व व अधिकार, पोलिंग एजेंट की नियुक्ति, आदर्श आचार संहिता का पालन, माकपोल की कार्रवाई के बारे में बताया गया। द्वितीय सत्र में ईवीएम व वीवीपैट मशीन के संबंध में जानकारी दी गई। इसके अलावा सीलिंग की प्रक्रिया व मशीन के विभिन्न प्रकार के एरर के संबंध में जानकारी दी गई। सत्र के अंत में प्रश्न प्रहर रखा गया, जिसमें मास्टर ट्रेनरों के प्रश्नों का जवाब जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर ने दिया। मुख्य विकास अधिकारी के अलावा जिला विकास अधिकारी श्रवण राय, सहायक अभियंता सिचाई खंड दो मनू चौधरी, जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर राजकीय पालिटेक्निक के प्रवक्ता शशांक शेखर द्विवेदी ने सैद्धांतिक व व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया। यह रहे अनुपस्थितः मास्टर ट्रेनर के प्रशिक्षण में बेसिक शिक्षा विभाग के सहायक अध्यापक राकेश मौर्य, वीरेंद्र गोंड, घनश्याम, विपिन पासवान, जयप्रकाश, श्रीराम गुप्ता, राधारमण शाही, अनुज पांडेय, नीरज कुमार शर्मा, उपेंद्र कुमार व राजकीय आइटीआइ के कार्यदेशक जयप्रकाश अनुपस्थित पाए गए।

## मरीजों की बढ़ी भीड़, मुश्किल से मिला इलाज

देवरिया। महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज से संबद्ध जिला अस्पताल में बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे। ऐसे में काफी मुश्किल से मरीजों को इलाज मिल पाया। हड्डी रोग विभाग में मरीजों को सर्वाधिक परेशानी उठानी पड़ी। चिकित्सक मरीजों की भीड़ को संभालने में ही परेशान दिखे। अचानक धूप खिलने के कारण मरीजों की संख्या बढ़ गई। 1726 मरीजों ने इलाज के लिए रजिस्ट्रेशन कराया। जिला अस्पताल व महिला अस्पताल का रजिस्ट्रेशन अब एक ही जगह हो रहा है। जिससे रजिस्ट्रेशन कक्ष के सामने भीड़ लगी रही। ओपीडी में चेस्ट रोग विभाग में डा. डीके सिंह, शिशु एवं बाल रोग विभाग में डा. विनीत, फिजीशियन कक्ष डा. सिराजुद्दीन, नाक कान गला रोग विभाग में डा. महेंद्र प्रसाद, चर्म रोग विभाग में डा. अजीत पाल व डा. सुमित राय मरीजों को देखते मिले। यहां प्रत्येक विभाग में मरीजों की लंबी लाइन लगी रही। मरीजों को संभालने में होमगार्ड परेशान रहे। हड्डी रोग विभाग में दो डाक्टर डा. पीएन कन्नौजिया व डा. शुभलाल ने मरीजों को इलाज दिया। यहां ओपीडी ढाई बजे तक चलने के बाद भी सभी मरीजों को नहीं देखा जा सका। अन्य मरीजों को अगले दिन बुलाया गया। पैथालाजी में जांच रिपोर्ट लेने के लिए लोग परेशान रहे। मरीजों को रिपोर्ट लेने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। कंप्यूटर में आई तकनीकी खराबी से यहां रिपोर्ट विलंब से निकलना शुरू हुआ। चिकित्सा अधीक्षक डा. एचके मिश्र ने कहा कि होने के कारण मरीजों की संख्या अधिक रही। जिससे दिक्कत हुई। जहां भी समस्या या शिकायत मिली वहां पहुंच कर समाधान किया गया।

# शीघ्र सही करें मतदान केंद्रों की व्यवस्थाः डीएम

महराजगंज। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर डीएम सत्येन्द्र कुमार व एसपी प्रदीप गुप्ता ने .राधा कुमारी इंटरमीडिएट कालेज व नौतनवा के राजकीय बालिका इंटर कालेज पहुंचकर मतदान केंद्रों व फोर्स के ठहरने की व्यवस्था का जायजा लिया। विद्यालय परिसर में जल जमाव व अव्यवस्था देख उन्होंने नाराजगी जताते हुए शीघ्र ही व्यवस्था को सही करने का निर्देश दिया।

ठूठीबारी संवाददाता के अनुसार विद्यालय में अव्यवस्था व गंदगी देख नाराजगी व्यक्त करते हुए डीएम ने विद्यालय परिसर में लगे पानी को निकाल मिट्टी डलवाने का निर्देश दिया। डीएम व एसपी ने ठूठीबारी में चुनाव को लेकर बूथों का निरीक्षण किया। विद्यालय में करीब दो हजार बच्चों का नामांकन है , जबकि इसके सापेक्ष 325 बच्चों का ही टीकाकरण हुआ है।

उन्होंने शीघ्र टीकाकरण कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। अधिकारियों की पूरी टीम भारत नेपाल सीमा का जायजा लेते हुए कस्टम अधीक्षक जगत सिंह राणा से निर्यात से जुड़ी जानकारी ली। सीमा पर तैनात एसएसबी जवानों को पैनी नजर रखने व आने व जाने वाले लोगों के वाहनों की सघन तलाशी का निर्देश दिया। बार्डर पर जांच के लिए लगाई गई स्वास्थ्य टीम की अनुपस्थिति पर एक दिन का वेतन बाधित करने का निर्देश भी दिया। इस मौके पर एसडीएम सत्यप्रकाश मिश्रा, सीओ डीके उपाध्याय, एसएसबी उप निरीक्षक आशीष शर्मा, एसओ संजय दुबे, लेखपाल मनीष पटेल आदि मौजूद रहे।

नौतनवा संवादाता के अनुसार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर डीएम सत्येन्द्र कुमार व एसपी प्रदीप गुप्ता मतदान केंद्रों, पोलिग बूथों कर्मियों व फोर्स के ठहरने की व्यवस्था का जायजा लेते हुए नौतनवा के राजकीय बालिका इंटर कालेज पहुंचे। निरीक्षण के दौरान परिसर में जलजमाव से 14 शौचालय डूबा हुआ मिला। मार्ग पर जगह–जगह फिसलन रही। डीएम ने कहा कि जनपद का सबसे बड़ा 15 बूथों के केंद्र पर ऐसी स्थिति ठीक नहीं है। इसके लिए स्कूल के दूसरे गेट, शौचालय व परिसर से जलनिकासी के लिए जल्द इंतजाम करने के आदेश दिए।

उन्होंने कहा कि नगर पालिका में जितने तालाब हैं, उनसे मिट्टी की निकासी कर पुख्ता प्रबंध होना चाहिए, ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार से कोई दिक्कत नहीं हो। एसडीएम राम सजीवन मौर्य, तहसीलदार मुकेश कुमार सिंह, सीओ कोमल प्रसाद मिश्र, इंस्पेक्टर राजेश कुमार पांडेय, सोनौली प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह, प्रधानाचार्य सुलेखा त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

## बिहार से फरेंदा पहुंचे एसएसबी जवान

महराजगंज ।आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर एक कंपनी एसएसबी 44वीं बटालियन नरकटियागंज बिहार से रात आठ बजे के करीब लाल बहादुर शास्त्री इंटर कालेज मथुरानगर पहुंची। कंपनी के असिस्टेंट कमांडेंट सुभाष चंद शर्मा सहित सभी जवानों का क्षेत्राधिकारी फरेंदा सुनील दत्त दुबे व प्रभारी निरीक्षक दिनेश दत्त मिश्रा ने स्वागत किया। एसएसबी जवान फरेंदा व नौतनवा विधानसभा के संवेदनशील व मतदान केंद्रों का भ्रमण करेंगे तथा लगातार क्षेत्र में सघन चेकिग कर अवैध वस्तुओं व अवैध शराब तस्करी की रोकथाम हेतु स्थानीय पुलिस का सहयोग करेंगे।

## बढ़नी से भटककर नौतनवा रेलवे स्टेशन पहुंचा बालक

महराजगंज रू रेलवे स्टेशन नौतनवा में . शाम भटककर पहुंचे एक बालक को आरपीएफ सिपाहियों ने चाइल्ड लाइन को सुपुर्द कर दिया। बालक की पहचान अमन पुत्र जशवंत शर्मा निवासी बढ़नी कृष्णानगर जिला सिद्धार्थनगर के रूप में हुई है। सूचना पर स्वजन भी नौतनवा थाना पहुंच गए। आरपीएफ के चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि शाम 6. 45 बजे डेमो ट्रेन नौतनवा पहुंची थी। सभी सवारियों के चले जाने के बाद रूटीन जांच में एक बालक बेग लिए रोते बिलखते प्लेटफार्म नंबर दो की बेच पर बैठा दिखा। पूछताछ में बालक ने बताया कि वह नानी के वहां बलरामपुर जाने के लिए घर से निकला था। बढ़नी स्टेशन से दोपहर 12 बजे एक ट्रेन में सवार हो गया और आनंदनगर पहुंच गया। जहां उसे प्लेटफार्म नंबर एक पर ट्रेन दिखाई दी, जिसमें वह बैठ गया और नौतनवा आ पहुंचा। वहां से वापसी में कोई ट्रेन न होने पर घबराने लगा था। आरपीएफ के सिपाही अमन कुमार त्रिपाठी ने ढांढस बंधाया और भोजन करने के बाद चाइल्ड लाइन के कर्मियों को सौंप दिया। चाइल्ड लाइन समन्वयक अभिषेक दुबे ने बताया कि बालक को सीडब्ल्यूडी महराजगंज में कागजी कार्रवाई के बाद ही स्वजन को दिया जाएगा। इंस्पेक्टर राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि बालक की सुपुर्दगी के लिए अग्रिम कार्रवाई चाइल्ड लाइन करेगी।

## पीएम आवास योजना में लापरवाही का आरोप

महराजगंज। घुघली नगर पंचायत के वार्ड सभासद राकेश जायसवाल के नेतृत्व में वार्ड सभासदों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर परियोजना अधिकारी डूडा पर पीएम आवास योजना शहरी में लापरवाही करने का आरोप लगाया है। वार्ड सभासदों ने कहा कि पात्रों के भवन का डीपीआर न बनवाने के कारण पिछले तीन वर्षों से 657 गरीबों को छत नसीब नहीं हो सका है। इस मामले में कार्रवाई की मांग की है। दिव्या सिंह, शीला देवी, इमिरता देवी, रोशनी जायसवाल, मैनेजर जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

## कार्यमुक्त प्रमाणपत्र पाने के लिए सौंपा ज्ञापन

महराजगंज। सदर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नान मेडिकल सुपरवाइजर के रूप में तैनात रहे हेमंत कुमार यादव ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कार्यमुक्त प्रमाणपत्र दिलाए जाने की मांग की है। आरोप है कि जिला कुष्ठ रोग अधिकारी द्वारा कार्यमुक्त प्रमाणपत्र नहीं जारी किया जा रहा है। पीड़ित ने कहा कि अगर 20 जनवरी तक उसकी मांग पूरी नहीं हुई तो वह आमरण अनशन पर बैठने को बाध्य होगा।

## पुलिस बल के ठहरने के लिए अधिग्रहित होंगे 66 विद्यालय

महराजगंज। विधानसभा चुनाव को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कराए जाने के लिए पुलिस विभाग ने तैयारी शुरू कर दी हैं। चुनाव कराने के लिए बाहर से आने वाली फोर्स को ठहराने के लिए जिले के कुल 66 विद्यालयों को अधिग्रहित किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता ने समस्त पुलिस उपाधीक्षकों को उनके क्षेत्र के विद्यालयों की सूची जारी करते हुए फोर्स को ठहराने के लिए अधिग्रहित करने का निर्देश दिया है। जिले में छठवें चरण में चुनाव आयोजित है। इसके तहत तीन मार्च को मतदान होना है। यहां चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए बाहर से 60 कंपनी पीएसी, 4000 पुलिसकर्मी, 3100 होमगार्ड आएंगे। इन्हें सर्किल वाइज अधिग्रहित किए गए विद्यालयों में ठहराया जाएगा। इन अधिग्रहित विद्यालयों पर पेयजल के साथ विद्युत व्यवस्था समेत कोविड–19 संक्रमण से बचाव के नियमों का पालन किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता ने बताया कि प्रत्येक पुलिस उपाधीक्षक (सीओ) के क्षेत्र में विद्यालयों का क्रमवार अधिग्रहण कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसमें सदर क्षेत्र के कुल 30 विद्यालयों के अलावा निचलौल क्षेत्र के 15, नौतनवा क्षेत्र के 10 और फरेंदा क्षेत्र के 11 विद्यालयों का अधिग्रहण किया जाएगा।

# यूपी के इस जिले में 37 ,553 मतदाता घर बैठे डाल सकेंगे वोट

कानपुर देहात। यूपी में कानपुर देहात प्रशासन बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को विधानसभा चुनाव में पोस्टल बैलेट की सुविधा प्रदान करने की तैयारी में जुट गया है जिसका लाभ जिले के चार विधानसभा क्षेत्रों के करीब 37 हजार 553 मतदाताओं को मिल सकेगा। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि मतदान के दिन पोलिंग बूथों पर होने वाली भीड़ के कारण कई बार दिव्यांगों एवं बुजुर्गों को भी वोट डालने के लिए लाइन में खड़ा होना पड़ता है जिससे उन्हें असुविधा होती है। निर्वाचन आयोग की तरफ से इस संबंध में दिशा निर्देश जारी किए गए थे जिसके अनुपालन में कानपुर देहात की भोगनीपुर, अकबरपुर रनियां, सिकंदरा व रसूलाबाद विधानसभा क्षेत्र में जिला प्रशासन दिव्यांग मतदाता एवं 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं को पोस्टल बैलेट की सुविधा देने को लेकर तैयारियों में जुट गया हैं।



जिला निर्वाचन अधिकारीधजिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने दिशा निर्देश भी जारी कर दिए हैं जिसके चलते विधान सभा चुनाव में दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं को पोलिंग बूथ तक जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस बार दिव्यांग और 80 साल की उम्र पार कर चुके मतदाताओं को घर बैठे वोट डालने की सुविधा दी जाएगी। कानपुर देहात की चारों विधानसभा क्षेत्रों में 8858 दिव्यांग मतदाता हैं। वहीं, 80 की उम्र पूरी कर चुके बुजुर्ग मतदाताओं की संख्या 28,495 है। जल्द ही इन मतदाताओं के घर जाकर बीएलओ मतदान का विकल्प पूछकर एक फार्म भरेगा। अगर मतदाता घर से वोट देने का विकल्प चुनेगा तो उसे मतदान के दिन पेपर बैलट की व्यवस्था तय करने के साथ मतदान की सुविधा मुहैया कराई जाएगी। निर्वाचन आयोग के इस फैसले से जिले के दिव्यांग व बुजुर्ग मिलाकर 37,553 मतदाता सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। यदि ऐसे व्यक्तियों द्वारा पोस्टल बैलेट का विकल्प दिया जाता है तो उनके निवास के पते पर दो मतदान कार्मिक पर्याप्त सुरक्षा कर्मचारी के साथ मतदान की सुविधा उपलब्ध कराएंगे तथा पोस्टल बैलेट मानकों के अनुसार रिटर्निंग ऑफीसर को वापसी में हस्ताक्षर कराएंगे। ऐसे चिह्नित मतदाताओं की सूची राजनैतिक प्रत्याशियों को भी दी जाएगी ताकि वे गुप्त मतदान की प्रक्रिया के अवलोकन के लिए स्वयं भी अपना प्रतिनिधि भेज सके। जिला निर्वाचन अधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि समस्त उप जिलाधिकारियों को दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं कि इस कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं के घर जाकर बीएलओ फार्म अपडेट कराएंगे और जिला निर्वाचन कार्यालय को सूचित भी करेंगे।

### स्वास्थ्यकर्मियों को लगाया गया बूस्टर डोज

महराजगंज। कोरोना संक्रमण से बचाव को लेकर स्वास्थ्य केंद्रों समेत विद्यालयों पर भी टीकाकरण किया गया। देर शाम तक कुल 29836 लोगों को कोरोना का टीका लगाया गया। इस दौरान जिला अस्पताल समेत अन्य कई स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वास्थ्य कर्मियों को बूस्टर डोज भी लगाया गया। जिला महिला अस्पताल पर स्वयं नोडल अधिकारी डा. आइए अंसारी ने बूस्टर डोज लगवाया। उन्हेंने बताया कि टीकाकरण को लेकर प्रतिदिन विद्यालयों के अलावा स्वास्थ्य केंद्रों पर भी शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

# महराजगंज में 111 केंद्रों पर होगी यूपी बोर्ड की परीक्षा

महराजगंज ।माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित वर्ष 2022 की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा की सूची जारी कर दी गई है। इस बार पिछले वर्ष के 109 केंद्रों के सापेक्ष 111 केंद्र बनाए गए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने केंद्रों की सूची जारी कर दी है। इसके साथ ही जिला विद्यालय निरीक्षक अशोक कुमार सिंह की ओर से पत्र जारी करते हुए प्रधानाचार्य व प्रबंधक राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त हाईस्कूल व इंटरमीडिएट कालेज से आपत्ति मांगी गई है। यह आपत्ति 13 जनवरी को शाम पांच बजे तक साक्ष्यों व कारण सहित पंजीकृत डाक व अन्य माध्यमों से देनी होगी। जिला विद्यालय निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने बताया कि इस वर्ष कोरोना संक्रमण को ध्यान में रखते हुए केंद्रों पर व्यवस्थाओं के अनुरूप आवंटन शासन स्तर से किया गया है। इस बार जहां कुल 16 नए विद्यालयों को परीक्षा के लिए केंद्र बनाए गए हैं, वहीं पिछली बार केंद्र बने 14 विद्यालयों का नाम व्यवस्थाओं में कमी व मानकों को कारण बताते हुए हटा दिया गया है। उन्होंने बताया कि जिन भी विद्यालयों के जिम्मेदारों को इस संबंध में आपत्ति दर्ज करानी हो वह विभागीय ईमेल अथवा विभागीय पते पर पंजीकृत डाक के माध्यम से अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। आपत्ति का निस्तारण करते हुए जिला समिति द्वारा रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। जिसके आधार पर अग्रिम कार्रवाई होगी।

# किसानों ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। भारतीय किसान संघ का देशव्यापी आंदोलन के प्रथम एवं द्वितीय चरणों में ज्ञापन के विषयांतर्गत संदर्भित पत्रों की ध्यान आकर्षित कराते हुए भारतीय किसान संघ अखिल भारतीय कार्यकारिणी एवं सभी प्रान्तों के अध्यक्षो मंत्रियों तथा संगठन मंत्रियों ने गहन मंथन के बाद तीन कृषि सुधार अध्यादेश में 5 संशोधन करने के पश्चात उन्हें लागू करने की मांग करते हुए काशी प्रान्त के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओ ने राष्ट्र पति के नाम ज्ञापन करमा ब्लाक मुख्यालय पर खण्ड बिकास अधिकारी को दिए। ज्ञापन के माध्यम से निवेदन किया कि कानूनों में लाभकारी मूल्य का कोई जिक्र नहीं है। इसलिए चाहे चौथा कानून लाया जाए किंतु लाभकारी मूल्य को कानूनी स्वरूप प्रदान किया जाए किसानों को उनकी पूरी पूजी का मूल्य नहीं मिलने के कारण किसान गरीब और कर्जदार होता जा रहा है। सरकार अपने ढंग से कई प्रकार की मदद करती है परंतु इसका क्रियान्वयन सही ढंग से न होने के कारण किसान की दशा में सुधार नहीं हो पा रहा है। परेशान किसान मांग कर रहा है कि उसकी फसल एवं उस पर लागत जोड़कर भुगतान की व्यवस्था बने। इसके लिए कानूनी प्रावधान करते हुए क्रियान्वयन की प्रक्रिया प्रस्तुत की जाए। बेरोजगार इस वर्तमान स्थिति में अधिक से अधिक खेती किसानी की ओर आकर्षित होंगे। देश में बेरोजगारी की समस्या का समाधान भी इसी रास्ते से निकल सकता है ।भारत की किसान अपने राष्ट्रीय दायित्व को भी समझता है ।इसलिए भारतीय किसान संघ जो शांतिपूर्ण अहिंसक एवं राष्ट्रहित एवं किसान हित को एक मान कर चलने वाले संगठन द्वारा आरंभ किए गए चरणाबद्ध आंदोलन के तृतीय चरण में 10 जनवरी 2022 को पूरे देश के लगभग एक लाख गांव में चले जन जागरण अभियान में छोटी–छोटी गांव सभाएं कर अंतिम दिन 11 जनवरी 2022 को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि को ब्लॉक केंद्र पर धरना प्रदर्शन के पश्चात खण्ड विकास अधिकारी करमा के माध्यम से राष्ट्र पति के नाम ज्ञापन प्रेषित किये। इस ज्ञापन के माध्यम सेहम सभी किसान निवेदन करते है कि भारत की वर्तमान सरकार हमारी इस वादी मांग को स्वीकार करें। और जिस प्रकार देश की अर्थव्यवस्था कि नहीं सभी क्षेत्रों में गति प्रदान की सभी वर्गों से लाभ पहुंचाया है। उसी प्रकार हम तो अपना हक मांग रहे हैं। इस मांग की स्वीकृति प्रदान करे। इस मौके पर रामजी सिंह, राजेश पटेल, प्रभुपाल मौर्य, रणजीत सिंह, आनन्द कुमार पटेल, जै प्रकाश सिंह पटेल, अनमोल सिंह आदि मौजूद रहे।




# संत जोसेफ स्कूल में विद्यार्थियों का हुआ कोविड टीकाकरण

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। एनटीपीसी शक्तिनगर के आवासीय परिसर में स्थित संत जोसेफ स्कूल में एनटीपीसी के संजीवनी चिकित्सालय के



सौजन्य से 15 से 18 वर्ष की आयु के छात्रों के लिए कोविड टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों के साथ आए उनके अभिभावकों ने पूरे उत्साह के साथ सहभागिता की। छात्रों एवं अभिभावकों से इस संदर्भ में पूछे जाने पर कहा कि यह सराहनीय पहल है और इससे बच्चे ही लाभान्वित होंगे। विद्यालय के 200 से अधिक छात्रों का टीकाकरण हो चुका है। विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर आर्चीबाल्ड डिसिल्वा ने सम्मिलित होने वाले सभी छात्रों को उचित सलाह देते हुए कहा कि कोविड का प्रकोप अत्यधिक भयानक रूप धारण कर चुका है अतः पूर्ण सावधानीपूर्वक कोविड नियमों का पालन करें। विद्यालय के शिक्षकों जिम्मी थॉमस, अनिल पाठक, डेविस पीपी, रश्मि श्रीवास्तव, विमल शर्मा तथा अशोक सिंह ने टीकाकरण में अपना सहयोग प्रदान किया।

# सड़क हादसों में स्वास्थ्य विभाग की भी जिम्मेदारी

## आइरेड एप पर फीड किया जायेगा घायलों के उपचार का डाटा

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। जिले में आइरेड इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डेटाबेस परियोजना के सफल संचालन की जिम्मेदारी एन० आई० सी० ऑफिस, बलरामपुर को दी गई है। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, उनमें कमी लाने के मकसद से न सिर्फ आकड़े तैयार किये जा रहे है, बल्कि हादसों के कारणों का भी पता लगाया जायेगा। इस योजना का मकसद सड़क हादसों का पता लगाकर, सकड़ हादसों में कमी लाना है। एन० आई० सी० ऑफिस के प्रभारी जिला सूचना–विज्ञान अधिकारी अमित कुमार गौतम द्वारा बताया गया कि पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं का डाटा आइरेड पर फीड मार्च, 2021 से किया जा रहा है, जिसमे 100 से ज्यादा एक्सीडेंट का डाटा पुलिस विभाग द्वारा फीड किया जा चुका है। अब स्वास्थ्य विभाग को सड़क दुर्घटनाओं से सम्बंधित घायलों का भी डाटा आइरेड एप पर भराजायेगा, जिसमे घायलों को तुरंत उपचार प्रदान करके उपचार का पूरा डाटा ऑनलाइन एप पर फीड करना होगा। इस क्रम स्वास्थ्य विभाग को आइरेड एप पर डाटा फीडिंग की ट्रेनिंग एन० आई० सी० कार्यालय में सुशील सिंह द्वारा दी गई, जिसमे डाक्टर और अन्य हेल्थ स्टाफ ने भाग लिया। जल्द ही सभी ब्ब् व च्ब् की ट्रेनिंग पूरी कर फीडिंग का कार्य शुरु हो जायेगा।

# नेपाल बॉर्डर पर NCB के गिरफ्त में पांच ड्रग माफिया

## नेपाल बॉर्डर के रुपईडीहा में आज एसएसबी, ड्रग विभाग व एनसीबी की संयुक्तटीम ने मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी कर भारी माला में नशीली दवाओं के साथ 05 लोगों को गिरफ्तार किया है

दैनिक बुद्ध का संदेश

बहराइच। भारत नेपाल बॉर्डर रुपईडीहा नशे का हब बन चुका है यहां स्मैक व नशीली दवाइयां खुलेआम बेंची जा रही है। मेडिकल स्टोरों पर सुबह से शाम तक नशीली दवाइयां बेंची जाती है। कई बार समाचार प्रकाशन के बाद आज एसएसबी,एनसीबी लखनऊ व ड्रग विभाग की संयुक्त टीम ने रुपईडीहा में संचालित मेडिकल स्टोरों पर अचानक छापेमारी शुरू कर दी। कई मेडिकल स्टोर संचाकल मेडिकल बन्द कर भागने में सफल भी हो गये। वहीं टीम ने चकिया रोड चौराहा व प्राइवेट बस स्टैण्ड के पास संचालित पांच मेडिकल स्टोरों से भारी मात्रा में नशीली दवाओं के साथ 05 लोगों को कस्टडी में ले लिया है।

प्राइवेट बस स्टैण्ड के पास संचालित अंकित मेडिकल स्टोर से व उसके घर से भी भारी मात्रा में नशीली दवाओं का जखीरा बरामद हुआ है। पकड़े गये सभी लोगों को एसएसबी ने अपनी कस्टडी में रखा हुआ है। आपको बता दें कि रुपईडीहा बॉर्डर पूरी तरह नशे का गढ़ बन चुका है। यहाँ अवैध रुपईडीहा से पचासों की संख्या में मेडिकल स्टोर संचालित है जो केवल नशीली दवाओं का ही कारोबार करते हैं। एसएसबी व एनसीबी की ताबड़तोड़ छापेमारी के कारण अफरा तफरी का माहौल रहा । वहीं समाचार कवरेज कर रहे पत्रकार इरशाद हुसैन के साथ एसएसबी जी ब्रांच के जवान असलम खान ने आपत्तीजनक शब्दों का प्रयोग किया। जवान ने पत्रकार का मोबाइल फोन छीन कर सारे वीडियो व फोटो डिलीट कर दिया। जवान के इस कारनामे से पत्रकारों में काफी रोष व्याप्त है। यह जवान हमेशा विवादों में रहता है। लेकिन अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नही दे रहे हैं। वहीं पत्रकारों ने कहा है कि अगर इस जवान पर कार्रवाई नही हुई तो हम लोग आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# मलिका आ अवर्ध में मिस सोनभद्र 2021 बनी दीपा सेठ

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। राबर्ट्सगंज शहर के न्यू कालोनी के रहने वाली दीपा सेठ को लखनऊ में आयोजित मलिका आ अवधर्म में मिस सोनभद्र 2021 बनी। 20 वर्षीय बीकाम की छात्रा दीपा का सेलेक्सन टॉप 3 में हुआ। जनपद सोनभद्र से इस प्रतिभाग में 50 लड़कियों ने हिस्सा लिया था। यह प्रतियोगिता मलिका आ अवधर्म संस्था द्वारा आयोजित की गई थी। दीपा ने बताया कि मिस सोनभद्र के लिए वह काफी दिनों से प्रयासरत रही। इसके लिए बहुत मेहनत भी किया। वाराणसी में आडिशन दिया, इसके पश्चात मेरा सेलेक्शन टॉप 3 में हुआ। इसके बाद मुझे इवेंट के लिए लखनऊ बुलाया गया। वहाँ पर हमने अपना प्रोफोम किया। दीपा ने बताया कि मिस सोनभद्र प्रतियोगिता में चयन के लिए अपनी पूरी दिनचर्या ही बदल ली थी। कोविड के कारण कुछ दिक्कत परेशानी भी हुई, लेकिन हमने कोविड का पुरा ध्यान में रखते हुए पूरी सावधानी, सुरक्षा व सरकारी गाइडलाइन्स के तहत इस शो की हर एक्टिविटी का आयोजन किया है।



# स्वामी प्रसाद मौर्य के बाद भाजपा के 3 और विधायकों ने पार्टी छोड़ी, रोशनलाल वर्मा साइकिल पर हुए सवार

लखनऊ। यूपी चुनाव से ठीक पहले स्वामी प्रसाद मौर्य के इस्तीफ के बाद तीन और विधायकों ने पार्टी छोड़ दी है। कानपुर देहात से भाजपा विधायक भगवती सिंह सागर और बांदा के तिंदवारी से भाजपा विधायक ब्रजेश प्रजापति ने भी भाजपा से इस्तीफा दे दिया है। शाहजहांपुर से तिलहर विधायक रोशनलाल वर्मा भी भाजपा छोड़कर साइकिल पर सवार हो गए हैं। बता दें कि स्वामी प्रसाद मौर्य के इस्तीफे की खबर के बाद भगवती सिंह सागर, ब्रजेश प्रजापति समेत कई विधायकों ने स्वामी प्रसाद मौर्य के आवास पर डेरा जमा रखा है। रोशनलाल वर्मा ने समाजवादी पार्टी ज्वाइन कर ली है। उधर अन्य विधायकों के भी समाजवादी पार्टी के साथ जाने की चर्चा चल रही है।

तिंदवारी विधायक बृजेश कुमार प्रजापति के पीआरओ मनोज कुमार ने मंगलवार को बताया, तिंदवारी विधायक बृजेश प्रजापति ने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से आज इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने बताया कि प्रजापति ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह को अपना इस्तीफा भेजा है। प्रजापति ने 2012 का चुनाव बसपा के टिकट पर लड़ा था, लेकिन हार गए थे। वह 2017 के विधानसभा चुनाव के पहले मौर्य के साथ ही बसपा से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हुए थे।



शाहजहांपुर से मिली सूचना के अनुसार, रोशन लाल वर्मा ने भाजपा पर दलितों, पिछड़ों और वंचितों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए त्यागपत्र दिया है। वर्मा ने कहा, मैंने भाजपा से इस्तीफा दे दिया है। मैं स्ध्वामी प्रसाद मौर्य के साथ रहूंगा। उन्होंने कहा, हम लोगों की शिकायतें उठाते थे तो उन्हें नहीं सुना जाता था, हमें नहीं सुना जाता था। हमने मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह से शिकायत की लेकिन कुछ नहीं हुआ। उन्होंने कहा, मैं सपा में शामिल हो रहा हूं। वर्मा ने कहा, भाजपा नीत सरकार में दलित व पिछड़े अल्पसंख्यक कमजोर लोगों की लगातार उपेक्षा हो रही थी। बेरोजगारी बढ़ी है। वर्मा ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार दिखा रही है कि रोजगार दिए गए हैं जबकि यह सब फर्जी है, इसी से क्षुब्ध होकर उन्होंने पार्टी छोड़कर सपा का दामन थामा है।

चार और विधायक छोड़ सकते हैं भाजपा!: विधानसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपा में शुरू हुए इस्तीफे का दौर अब बढ़ता जा रहा है। स्वामी प्रसाद मौर्य के बाद तीन और विधायकों के पार्टी छोड़ने के बाद कई और विधायकों के नाम चर्चा में आए हैं जो पार्टी छोड़ सकते हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भाजपा के चार और ऐसे विधायक हैं जो पार्टी छोड़ सकते हैं। इनमें ममतेश शाक्य, विनय शाक्य, धर्मेन्द्र शाक्य ओर नीरज मौर्य का नाम चल रहा है। हालांकि अभी इन नामों पर पूरी तरह पुष्टि नहीं हो पाई है।

स्वामी प्रसाद मौर्य ने राज्यपाल को भेजा इस्तीफा

योगी आदित्यनाथ सरकार में मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को पत्र लिखकर यह जानकारी दी। मौर्य ने उपराज्यपाल को लिखे अपने पत्र में कहा, महोदय, माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के मंत्रिमंडल में श्रम एवं सेवायोजन एवं समन्वय मंत्री के रूप में विपरीत परिस्थितियों और विचारधारा में रहकर भी बहुत ही मनोयोग के साथ उत्तरदायित्व का निर्वहन किया है लेकिन दलितों, पिछड़ों, किसानों बेरोजगार नौजवानों एवं छोटे–लघु एवं मध्यम श्रेणी के व्यापारियों की घोर उपेक्षात्मक रवैये के कारण यूपी के मंत्रिमंडल से मैं इस्तीफा देता हूं। वर्ष 2017 में विधानसभा चुनाव से पहले स्वामी प्रसाद मौर्य बहुजन समाज पार्टी (बसपा) का साथ छोड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए थे।

# त्रिदिवसीय डबल इनिंग्स क्रिकेट में 9 वर्षीय अविरल सिंह ने मचाया धमाल

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। अनपरा कॉलोनी के सीआईएसएफ मैदान में युवा



क्रिकेटरों को आगे लाने के लिए क्रिकेट परफॉरमेंस पॉइंट द्वारा त्रिदिवसीय डबल इनिंग्स का आयोजन 7 से 9 जनवरी तक किया गया। अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग क्रिकेटर लव वर्मा ने बताया कि 9 वर्षीय मध्यम गति गेंदबाज अविरल सिंह उर्फ सोम ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए अपने पहले डेब्यू मैच के पहली पारी में 24 रन देकर 6 विकेट लिए तो वहीं दूसरी पारी में भी शानदार गेंदबाजी करते हुए 68 रन देकर 5 विकेट लिए मैच में कुल 11 विकेट लेने के लिए अविरल सिंह को मैन ऑफ दी मैच दिया गया एवं उभरता हुआ खिलाड़ी आदर्श जयसवाल को मिला। त्रिदिवसीय डबल इनिंग्स में ऋषभ, श्रेयांश, आरव, अर्नव, अश्विन, आदित्य, आकाश, अंशु, कश्यप, उज्ज्वल, शौर्य, आदित्य गुप्ता, सचिन, ध्रुव, अनिकेत, सनी, आनंद आदि खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया।

# यूपी में नाराज नेताओं को मनाने में जुटी भाजपा, स्वतंत्र देव सिंह और सुनील बंसल को दी गई जिम्मेदारी

उत्तर प्रदेश में विधानसभा के चुनाव है। भाजपा चुनावी तैयारियों में जुट गई है। हालांकि पार्टी को उस वक्त बड़ा झटका लगा जब योगी कैबिनेट में मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने अपना इस्तीफा दे दिया और समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। अखिलेश यादव के साथ उनकी एक तस्वीर भी आ गई। मिल रही जानकारी के मुताबिक स्वामी प्रसाद मौर्य के साथ कुछ और विधायक भाजपा का दामन छोड़ सकते हैं। खबर यह भी है कि कानपुर के बिल्हौर से भाजपा विधायक ने पार्टी छोड़ दी है। बिल्हौर से भगवती सागर विधायक हैं। भगवती सागर के अलावा बांदा जिले की तिंदवारी विधानसभा से विधायक बृजेश प्रजापति और शाहजहांपुर की तिलहर सीट से विधायक रोशनलाल वर्मा ने भी पार्टी को बाय–बाय कह दिया है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में पार्टी के कई और नेता भाजपा का दामन छोड़ सकते हैं।




इसी को लेकर अब भाजपा सक्रिय हो गई है। सूत्र यह बता रहे हैं कि स्वामी प्रसाद मौर्य को पार्टी की ओर से मनाने की कोशिश की जा रही है। इसके साथ ही यह भी दावा किया जा रहा है कि प्रदेश के सभी नाराज भाजपा नेताओं को मनाने की जिम्मेदारी स्वतंत्र देव सिंह और सुनील बंसल को दे दी गई है। स्वतंत्र देव सिंह उत्तर प्रदेश में भाजपा अध्यक्ष हैं तो वही सुनील बंसल संगठन प्रभारी है। केशव प्रसाद मौर्य के इस्तीफे पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि उन्होंने किस कारण से इस्तीफा दिया है, इस बात की तो जानकारी नहीं है। लेकिन मैं उनसे अपील करता हूं कि वह बैठ कर बात करें। जल्दबाजी में लिए गए फैसले अक्सर गलत साबित हो जाते हैं।

आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा की बड़ी बैठक दिल्ली के पार्टी हेड क्वार्टर में चल रही है। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, स्वतंत्र देव सिंह, केशव प्रसाद मौर्य, दिनेश शर्मा, सुनील बंसल के साथ कई और वरिष्ठ नेता मौजूद हैं।

सूत्र बता रहे हैं कि पहले और दूसरे चरण के लिए टिकटों पर चर्चा की गई। खबर यह भी है कि मकर संक्रांति के बाद कभी भी टिकटों के बंटवारे की जानकारी दी जा सकती है। इसके साथ ही इस बैठक में इस बात पर भी चर्चा हुई है कि आगामी चुनाव को किस तरह से लड़ा जाए और रणनीति क्या रह सकती है।

# मुख्य चिकित्साधिकारी ने किया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र केकराही का आकस्मिक निरीक्षण




दैनिक बुद्ध का संदेश

करमा/सोनभद्र। स्थानीय क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र केकराही में मुख्य चिकित्साधिकारी रमेश कुमार ठाकुर ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने स्टॉप उपस्थित पंजिका, पंजीकरण रोगी पंजिका, लेबर रूम, मेडिसिन रूम, रोगी वार्ड, औषधि वितरण पंजिका देखा। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी शिव कुमार चतुर्वेदी को कोविड 19 के तहत काम करने का निर्देश दिया और कहा की मास्क जरूरी है सेनिटाइजर का प्रयोग करने के लिये भी दिशा निर्देश जारी किया 15 से 18 वर्ष के युवाओं को कोविड का डोज लगवाने के लिए प्रेरित करें जिससे अधिक से अधिक युवाओ को डोज लग सके ।इस अवसर पर अस्पताल के प्रभारी अधिकारी डॉ0शिव कुमार चतुर्वेदी, सहायक चिकित्सा धिकारी डॉ अवधेश कुमार सिंह, डॉ0सुनील कुमार, डॉ0 राकेश कुमार मौर्य, फार्मासिस्ट सुधीर कुमार, राहुल सिंह, धर्मदेव, शिखा श्रीवास्तव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 3 वर्ष से अधिक समय से जमे अधिकारी व कर्मचारी को हटाया जाए

सीतापुर। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी सीतापुर के जिलाध्यक्ष प्रबीन कुमार सिंह ने राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र भेजा है। जिसमें तीन वर्ष यह उससे अधिक समय से सीतापुर में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों को हटाने की मांग की है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो चुका है। जारी आदेश आनुसार तीन वर्ष या तीन वर्षों से अधिक पदस्थ अधिकारियों के स्थान्तरण किये जाने के आदेश भी जारी किए जा चुके थे। जिससे चुनाव परिणाम निष्पक्ष हो सके। निर्वाचन आयोग ने संबधित विभागों को तीन वर्ष या तीन वर्ष से अधिक समय बीता चुके अधिकारियों के स्थान्तरण के निर्देश दिए हैं। जिसमे कुछ विभागो में स्थान्तरण भी किये गए। निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव की निष्पक्षता को देखते हुए यह कदम उठाया गया। क्योंकि जो अधिकारी सीधे चुनाव प्रक्रिया से जुड़े होते हैं और तीन वर्ष या तीन वर्ष से अधिक का कार्यकाल बीता चुके हैं। लंबे समय से एक ही जनपद में पदस्थ रहने के करण चुनाव की निष्पक्षता प्रभावित कर सकते हैं। ऐसे अधिकारियों के स्थान्तरण किया जाना चाहिए। आयोग के मुताबिक चुनाव की घोषणा होते ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। सम्बंधित क्षेत्रों में अब कोई भी नया कार्य प्रारंभ नहीं किया जा सकता है लेकिन जिन कार्यों को लेकर निर्णय हो चुका है उन पर प्रभाव नहीं पड़ेगा। इसी तरह सरकार पुलिस आयुक्त प्रणाली को लागू करने संबंधी निर्णय को क्रियान्वित करती है तो उस पर भी कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन के लिए स्थानांतरण को परिधि में लाया जाता है। चुनाव आयोग के जारी निर्देश के बाद भी जनपद सीतापुर में शासन की लापरवाही से अभी कई ऐसे अधिकारी डटें पड़े हैं। इनमें परियोजना निदेशक जिला विकास अधिकारी तीन वर्ष से अधिक समय से तैनात हैं। जेई आरएस सुन्दरलाल वर्मा जो लगभग दस वर्ष से एक या दो विकासखण्ड लेकर बैठे हैं। यह चुनाव को काफी प्रभावित कर सकते हैं। अन्य कर्मचारी हैं जोकि 3 वर्ष या तीन वर्ष से अधिक का कार्यकाल बिता चुके हैं। उसके बाद भी स्थानांतरण नहीं किया गया है। जिसका चुनाव परिणामों पर असर पड़ सकता है। विकास भवन में जिला विकास अधिकारी व जिला परियोजना अधिकारी प्रमुख हैं। जिनका कार्यकाल पूरा होने के बाद भी शासन से स्थानांतरण नहीं किया गया। यह एक दो अधिकारी तो उदाहरण हैं। अगर सभी विभागों पर ध्यान दिया जाए तो सूची लम्बी हो सकती है। जिलाध्यक्ष ने मांग की है कि निष्पक्ष चुनाव परिणामों को ध्यान में रखकर जनपद सीतापुर में 3 वर्ष या 3 वर्ष से अधिक समय बिता चुके अधिकारी व कर्मचारियों का स्थान्तरण किया जाए।

## दर्जनों सफाई कर्मियों को मार्ग व पीएचसी की सफाई करते देख ग्रामीण आश्चर्यचकित

### कोविड वैक्सीनेशन के तहत करायी गयी सफाई

बिसवां नगर,सीतापुर। अचानक लगभग चार दर्जन से अधिक सफाई कर्मियों द्वारा जहांगीराबाद ग्राम पंचायत के छठवान गांव में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के सम्पर्क मार्ग पर पहुंच कर सफाई करने का काम एक बार ग्रामीणों को आश्चर्य में डालने वाला लगा क्योंकि लगभग तेरह वर्षों से भी अधिक समय से जहांगीराबाद ग्राम पंचायत में कोई भी सफाई कर्मी दिखाई नहीं दिया और अचानक पचासों सफाई कर्मी खण्ड विकास अधिकारी ऐश्वर्य यादव व सहायक विकास अधिकारी पंचायत बिसवां शैलेन्द्र दीक्षित के नेतृत्व में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के सम्पर्क मार्ग परिसर व भवन की एक साथ सफाई करते दिखे। जानकारी करने पर पता चला कि इन दिनों हो रहे वृहद कोविड टीकाकरण अभियान के तहत पीएचसी की साफ सफाई करायी जा रही है।

पूर्वाह्न लगभग चार दर्जन से भी अधिक सफाई कर्मियों ने जहांगीराबाद के फरदापुर गांव पहुंच कर मामूली सफाई की तथा इसके बाद बहराइच.सीतापुर मुख्य मार्ग से छठवान गांव के पास से पीएचसी तक जाने वाले नवनिर्मित सम्पर्क मार्ग की साफ सफाई कर चूना डालकर स्वागतम लिखा। मौके पर मौजूद खण्ड विकास अधिकारी से संवाददाता ने जब यह पूछा कि जहांगीराबाद में विगत तेरह वर्षों से कोई सफाई कर्मी नहीं है इस बारे में आप क्या कहना चाहेंगे। इतना सुनते ही बीडीओ बिसवां आग बबूला हो गये और कहा कि इस बारे में आप जिले के उच्चाधिकारियों से बात करें। इस दौरान अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिसवां डा. विकास मिश्र भी मौजूद थे फिर भी पूर्वाह्न 10.34 तक कोई भी चिकित्सक पीएचसी नहीं पहुंचा था। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने बताया कि कोविड वैक्सीनेशन अभियान के तहत सफाई कार्य कराया जा रहा है।

# चुनाव ड्यूटी में लगने वाले कार्मिकों के लिये शत प्रतिशत वैक्सीनेशन का प्रबन्ध किया जाये : जिलाधिकारी

सीतापुर। विधानसभा सामान्य निर्वाचन– 2022 को सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त प्रभारी अधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी प्रभारी अधिकारी दायित्वों को समय से पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि आदर्श आचार संहिता का शतप्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने कोविड प्रोटोकाल का शतप्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किये जाने के निर्देश के साथ यह निर्देश भी दिये कि चुनाव ड्यूटी में लगने वाले कार्मिकों के लिये शतप्रतिशत वैक्सीनेशन का प्रबन्ध किया जाये।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशिक्षण सत्र के दौरान ही वैक्सीन की डोज लगाये जाने का प्रबन्ध सुनिश्चित कराया जाये। जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी ने कार्मिकों के प्रशिक्षण के दौरान कोविड प्रोटोकाल का अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी को निर्देशित किया कि शासकीय कर्मचारियों अधिकारियों के लिये निर्धारित आदर्श आचार संहिता के प्राविधानों के अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि जिस विभाग की सम्पत्ति है। वह उसके परिसर में आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित कराने के लिये पूर्णतया उत्तरदायी होगा। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये कि निर्वाचन के दृष्टिगत प्रेषित की जाने वाली सूचनाओं का समय से प्रेषण सुनिश्चित कराया जाये।

निर्वाचन के संबंध में प्राप्त होने वाली शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु भी जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर विद्युत व्यवस्था के आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश भी दिये।

राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक सम्पन्न

जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उन्हें आदर्श आचार संहिता के प्राविधानों के विषय में विस्तारपूर्वक अवगत कराया तथा सभी से आदर्श आचार संहिता के प्राविधानों का शतप्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने की अपेक्षा भी की। जिलाधिकारी ने सी–विजिल एप्लीकेशन एवं शिकायत दर्ज कराने हेतु कन्ट्रोल रूम की व्यवस्था के विषय में भी अवगत कराया। बैठक के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी एनपी. सिंह ने सभी प्रतिनिधियों को अवगत कराया कि आगामी 15 जनवरी तक कोरोना संक्रमण में प्रसार के दृष्टिगत आयोग के निर्देशानुसार किसी भी प्रकार की जनसभा रैली आदि की अनुमति नहीं है। इसके उपरान्त आयोग के निर्देशानुसार कार्यवाही की जायेगी। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम भरत तिवारी सहित संबंधित अधिकारी व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## क्षति की सूचना उपलब्ध कराना अनिवार्य : उपकृषि निदेशक

सीतापुर। उप कृषि निदेशक ने बताया कि प्रधानमन्त्री फसल बीमा योजनान्तर्गत ओलावृष्टि से फसलों को होने वाले नुकसान को व्यक्तिगत क्षतिपूर्ति की श्रेणी में सम्मिलित किया गया है। प्रभावित बीमित कृषकों को क्षतिपूर्ति प्राप्त करने हेतु 72 घन्टे की निर्धारित समयावधि में विभिन्न माध्यमों टोल फ्री नंबर, कृषि बैंक अथवा फसल बीमा कार्यालय में प्रार्थना पत्र आदि से क्षति की सूचना उपलब्ध कराना अनिवार्य है। अपर मुख्य सचिव कृषि द्वारा विगत कुछ दिनों से प्रदेश में हो रही आसमयिक वर्षा, ओलावृष्टि के दृष्टिगत क्षेत्रीय कर्मचारियों के माध्यम से बीमित कृषकों के मध्य उक्त जानकारी तथा प्रधानमन्त्री फसल बीमा योजना के टोल फ्री नंबर 18008896868 का व्यापक प्रचार.प्रसार कराए जाने तथा क्षति की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल उसका स्थलीय सर्वे कराए जाने के निर्देश प्रदान किए गए हैं। जनपद सीतापुर में भी कुछ स्थानों पर आसमयिक वर्षा, ओला.वृष्टि से फसलों की क्षति संभावित है। तदक्रम में समस्त उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी एवं जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित किया है कि क्षेत्रीय कर्मचारियों के माध्यम से बीमित कृषकों के मध्य उक्त जानकारी तथा प्रधानमन्त्री फसल बीमा योजना के टोल फ्री नंबर 18008896868 का व्यापक प्रचार.प्रसार कराया जाना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त क्षति की सूचना प्राप्त होने पर उसका स्थलीय सर्वे भी तत्काल सुनिश्चित कराया जाये।

## गोवंशो से खेत की रखवाली करने गए किसान का संदिग्ध हालत में शव मिला

हरदोई।अरवल थाना क्षेत्र के चंद्रपुर के मजरा दुलारपुर गांव में रात खेत की रखवाली करने गए किसान का संदिग्ध परिस्थितियों में टावर के सामने सड़क पर शव पड़ा पाया गया। सूचना परिजनों को मिलते ही कोहराम मच गया।मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अरवल थाना क्षेत्र के चंद्रपुर के मजरा दुलारपुर गांव निवासी राजकुमार 55 वर्ष पुत्र दुलारे रात खेत की रखवाली करने के लिए गया था। सुबह गांव के बाहर सड़क के किनारे लगे टावर के पास वृद्ध मृत पाया गया। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। मामले की सूचना परिजनों को दी गई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।मृतक के परिवार में पत्नी ममता के अलावा 5 पुत्र व 5 पुत्रियां हैं।अरवल प्रभारी इंचार्ज मूलचंद ने बताया कि वृद्ध को ठंड लगने से मौत की आशंका है। फिलहाल परिजनों ने कोई आरोप नहीं लगाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर कार्यवाही की जाएगी।

## 30 खुले गौवंश को कटियारी के उच्च प्राथमिक स्कूल में छोड़ा

हरदोई। आलू गेहूं की फसल को कर बर्बाद आवारा गोवंश गुस्साए किसानों ने करीब 30 आवारा गौवंशो को कटियारी क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय महितापुर में दो दिन से बंद कर रखा है। हालांकि उच्च प्राथमिक एवं प्राथमिक विद्यालयों में इस समय शीतकालीन अवकाश चल रहा है। इस वजह से विद्यालय में बच्चे भी नहीं आ रहे हैं। हालांकि किसानों की ओर से आवारा गोवंश को चारे के रूप में पराली व प्यास लगने पर पानी चलाया जा रहा है। आवारा गोवंश से परेशान किसान रात के अंधेरे में अपने खेतों की रखवाली कर रहे हैं वही जिला अधिकारी अविनाश कुमार ने गोवंश के लिए अस्थाई बाड़ा बनवाने के भी निर्देश जारी किए हैं किसानों का कहना है कि संबंध में सांडी ब्लाक के खंड विकास अधिकारी व पशु चिकित्साधिकारी को फोन कर अवगत कराने के बाद भी कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं आया है।

## बाघ की तलाश में क्षेत्र की खाक छानती रही वन विभाग की टीम, हाथ नहीं लगा कोई सुराग

हरदोई। वनविभाग की टीम बाघ की तलाश में पूरे पछोहा क्षेत्र समेत गर्रा नदी के तटवर्ती इलाकों की खाक छानती रही, इसके बावजूद उसे न बाग मिला और ना ही पंजों के निशान मिले। सुबह पाली थाना क्षेत्र के अकोढा गांव के पास खेतों में खून से लथपथ सियार का शव मिला था ,साथी खेतों में बाघ के पंजों के निशान भी देखे गए थे, सूचना पर पहुंची वनविभाग की टीम ने मिले पंजों के निशानों की नाप करने के बाद नर बाघ के पंजे होने की पुष्टि की थी। दूसरे दिन भी वन विभाग की टीम ने अकोढा,भरखनी, माननगरा,अनंगपुर, आमतारा समेत पड़ोसी जनपद शाहजहांपुर की सीमा समेत गर्रा नदी के तटवर्ती गांवों की खाक छानने के बाद वन विभाग की टीम को न तो बाघ मिला और न ही उसके पंजों के निशान मिले। शाहाबाद वनविभाग के रेंजर एसपी कुरील ने बताया कि वन विभाग की टीम ने इलाके मे 25, 26 किलोमीटर के दायरे कांबिंग की ,जहां बाघ का कोई सुराग नहीं लगा, संभवत वह है पड़ोसी जनपद के इलाके में पहुंच चुका होगा।

# भाजपा की संपर्क अभियान के रूप रेखा की वर्चुअल बैठक संपन्न

हरदोई।भारतीय जनता पार्टी की जनपद हरदोई में सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से पार्टी संघठन पदाधिकारियों और विधायक संपर्क अभियान की रूपरेखा पर वर्चुअल बैठक हुई।

बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सौरभ मिश्र नीरज ने करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा २०२२ में प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में प्रदेश में दोबारा से पूर्ण बहुमत की भाजपा सरकार बने, इसके लिए पार्टी और सगठन लाभार्थी संपर्क अभियान की शुरुआत` प्रस्तावित है। जिसमे पार्टी के सभी सांसदों, विधायकों, पदाधिकारी, विस्तारक, मंडल अध्यक्ष, पन्ना प्रमुख, बूथ अध्यक्ष ३४६६ बूथों और ४८६ शक्ति केंद्रों पर योजनाओं के लाभार्थि परिवार से हर बूथ पर संपर्क किया जायेगा। जिसमे लाभार्थी के परिवार से सुझाव लेना है, उनके घर आग्रह कर पार्टी का स्टीकर लगाना है, पार्टी की योजनाओं के बारे में बताना है। चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों को ध्यान में रख ४–५ लोगों की टोली बनाकर संपर्क अभियान बूथों पर चलेगा।

जिला प्रभारी प्रकाश पाल ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों में जनता को भाजपा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलता दिख विपक्ष अब जात पात की धूर्त राजनीति पर उतर आया है।

जनता का भरपूर समर्थन भाजपा के विकास कार्यों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार को मिल रहा है। सपा बसपा कांग्रेस ने सिर्फ समाज में वैमनस्य बढ़ाया, ७० सालो तक गरीबी हटाओ का नारा देने वाले सिर्फ अपना बैंक बैलेंस बढ़ाते रहे गरीब और गरीब हो गए।

किसानों के नाम पर राजनीति करने वाले दल और नेता आज खुद सैकड़ों एकड़ जमीन के मालिक हो गए पर छोटा किसान और उनकी समस्याएं जसकी तस रही। २०१४ में प्रधानमंत्री मोदी ने शपथ लेने के बाद गरीबों, किसानों, शोषितों के लिए योजनाएं बनाई। यूरिया की कालाबाजारी को खत्म किया। गरीबों को आवास का पैसा सीधे खाते में दिया। महिलाओं की परेशानी को दूर कर गांव गांव शौचालय बनवाए, गैस सिलेंडर कनेक्शन दिए, स्वास्थ्य बीमा। ऐसे योजनाओं से समाज का हर व्यक्ति लाभान्वित हुआ और आज आत्मसम्मान के साथ आत्मनिर्भर बन रहा है।बैठक में जिला पदाधिकारी, मंडल ,अध्यक्ष गणविधानसभा प्रभारी आदि उपस्थित रहे।

## कच्चे मार्ग को पक्का कराने की मांग

इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर। विकास क्षेत्र ऐलिया की ग्राम पंचायत देवई के मजरा तेजीपुरवा से देवई के ही राजस्व गांव भगवंतपुर को जोडने वाला सम्पर्क मार्ग जर्जर है। ग्रामवासियों ने शीघ्र ही मार्ग को पक्का कराने की मांग की है। बताते चलें कि ऐलिया की ग्राम पंचायत देवई के मजरा तेजीपुरवा से देवई के ही राजस्व गांव भगवंतपुर को जोडने वाले मार्ग के बीच का कुछ हिस्सा कच्चा है। जिसका अभी हाल में ही पटान कराया गया है। जिससे हल्की ही बरसात में निकलना मुश्किल हो जाता है। देवेन्द्र कुमार मिश्र, राधेश्याम गौतम, चन्द्रपाल गौतम, रामसेवक पांडेय, अश्विनी कुमार पांडेय, राजीव कुमार पांडेय, सुरेन्द्र कुमार वर्मा, अम्बरीश कुमार आदि लोगों ने शीघ्र ही मार्ग को पक्का कराने की मांग की है।

## गुरु गोविन्द सिंह की जयंती के अवसर पर एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई

सिधौली,सीतापुर। कस्बे में सिक्खों के दसवें गुरु गुरु गोविन्द सिंह की जयंती के अवसर पर एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। गुरु गोविन्द सिंह के 355वें प्रकाश पर्व पर गुरुसिंह सभा द्वारा निकाली गई शोभायात्रा में सिख समुदाय के लोग पानी का छिड़काव कर सडक पर झाडू लगाते हुए चल रहे थे। आगे आगे पंच प्यारे व पीछे गुरुग्रंथ साहिब की फूलो से लदी पालकी चल रही थी। शोभायात्रा में पंजाब की गतका पार्टी द्वारा तलवार बाजी लाठी, भाले व मूंह से आग निकालने वाले हैरत अंगेज कारनामे करके दर्शकों को रोमांचित कर दिया। वहीं शाहजहाँपुर से आये बग्घी रोड लाइट जहां आकर्षण का केन्द्र रहे तो वहीं लखनऊ के सोनी ब्रास बैंड की कर्णप्रिय धुनों ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शोभायात्रा तहसील रोड से निकल कर मिश्रिख मार्ग से बिसवां चौराहा होते हुए महमूदाबाद चौराहा पहुंची जहां से वापस गुरुद्वारा पहुंच कर शोभायात्रा का समापन किया गया। इस बीच शोभायात्रा का बिसवां चौराहे पर डा. रिजवान द्वारा पंच प्यारो को माला व जलपान कराकर स्वागत किया गया तो वहीं सिख समुदाय द्वारा भी जगह–जगह जलपान करा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। इस दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा पुख्ता सुरक्षा प्रबंध किये गये। शोभायात्रा में विधायक डा. हरगोविंद भार्गव, पूर्व विधायक मनीष रावत, नपं अध्यक्ष प्रतिनिधि गंगाराम राजपूत, गुरुचरण सिंह, रघुबीर सिंह, अवतार सिंह, गुरुप्रीत कौर, करनदीप सिंह, शैली सिंह, चिनू सिंह, सोनू सिंह, विक्की सिंह, बीरु सिंह, इम्परल सिंह, सोनू सिंह, कारी सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# 14 जनवरी तक टेनरियों में बंद रहेगा उत्पादन

उन्नाव।प्रदूषित पानी गंगा तक न पहुंचे इसके लिए टेनरियों व सीईटीपी के इनलेट व आउटलेट सील कर दिए जाएंगे।

14 जनवरी तक टेनरियों में उत्पादन ठप रहेगा बतादे प्रयागराज में आयोजित माघ मेला के तहत टेनरियों में उत्पादन बंद हो जाएगा। प्रदूषण विभाग द्वारा बंदी से संबंधित आदेश टेनरी संचालकों को जारी कर दिया गया है। माघ मेला में होने वाले प्रमुख शाही स्नान में श्रद्धालु शुद्ध व साफ गंगाजल में डुबकी लगा सकें इसके लिए शासन ने उन टेनरियों को बंद रखने के निर्देश दिए थे जिनसे प्रदूषित पानी का उत्प्रवाह होता है। प्रयागराज में 14 जनवरी को मकर संक्रांति के अवसर पर पहला शाही स्नान होगा। शासन के निर्देश पर प्रदूषण विभाग शाही स्नान से चार दिन पहले ही टेनरियों में उत्पादन कार्य बंद कराने का आदेश जारी कर चुका है। प्रदूषण विभाग ने सभी प्रदूषित पानी का उत्प्रवाह करने वाली इकाईयों को आदेश जारी किया है कि वह आज से शाही स्नान होने तक गीले कार्य का काम बंद रखेंगी। आदेश पर अमल न करने पर इकाईयों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। प्रदूषण विभाग के अधिकारियों के अनुसार दही औद्योगिक क्षेत्र साइड नंबर–1 व 2, बंथर औद्योगिक क्षेत्र, अकरमपुर व मगरवारा इंडस्ट्रियल एरिया के करीब 150 उद्योग बंद रहेंगे। उद्योगों के अलावा दही चौकी व बंथर स्थित सीईटीपी के आउटलेट व इनलेट भी सील किए जाएंगे। जिससे पानी ड्रेन तक न पहुंच सके। उप्र प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी राधेश्याम ने कहा कि सभी प्रदूषणकारी उद्योगों को बंदी का नोटिस जारी किया जा चुका है। निगरानी समितियां औचक निरीक्षण में बंदी की हकीकत परखेंगी।

## लाख की चोरी की घटना का खुलासा नवागत चौकी प्रभारी के लिये चुनौती पूर्ण

उन्नाव नवाबगंज।, एक सप्ताह पहले नगर के वार्ड नं 6 धोबियाना मोहल्ले में बन्द पड़े मकान का ताला तोड़ कर चोरों ने नगदी व जेवरात सहित करीब बारह लाख का माल पार कर दिया था।गृह स्वामिनी की तहरीर अजगैन कोतवाली पुलिस ने घटना की रिपोर्ट तो दर्ज कर ली थी लेकिन घटना का खुलासा अभीतक नही हो सका। इस घटना का खुलासा नवागत चौकी प्रभारी के लिये चुनौती है। मालूम हो कि चौकी नवाबगंज क्षेत्र के वार्ड नं 6 धोबियाना मोहल्ला की संगीता वाली गली निवासी प्रेमा देवी पत्नी स्व० रामआसरे विमल अपने बहनोई राजबहादुर की तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल होने पुत्री तनु के साथ घर मे ताला बंद करके 24 दिसम्बर को लखनऊ के गौरी कस्बा गई थी। उसके दो लड़के अंकित और रंजीत विदेश मे रहते हैं। शुक्लागंज निवासी उसकी भौजाई सुदामा 26 दिसम्बर को नवाबगंज उसके घर आई तो देखा बंद दरवाजे में खुला हुआ ताला लटक रहा था। वह अंदर गई तो सारा सामान बिखरा पड़ा था। इसकी सूचना उसने मोबाइल से प्रेमा को दिया। चोरी की खबर सुनते ही प्रेमा नवाबगंज पहुंची थी और पुलिस को सूचना दिया था मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर वापस चली गई थी । गृह स्वामिनी के अनुसार 1लाख 3 हजार रुपया नगद व जेवरात सहित करीब बारह लाख का सामान चोरी में गया था । गृह स्वामिनीं की तहरीर पर अजगैन पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ घटना की रिपोर्ट दर्ज कर छान बीन भी शुरू कर दी थी। चौकी प्रभारी नवाबगंज प्रेम नारायण सरोज ने घटना का शीघ्र ही खुलासा करने का दावा भी कर दिया था मगर एक सप्ताह बीत जाने के बावजूद घटना का खुलासा करने में वह नाकाम रहे। ऐसी स्थिति में में उनके द्वारा किया गया दावा हवा हवाई साबित हुआ। चौकी प्रभारी नवाबगंज प्रेम नारायण का तबादला सदर कोतवाली की चौकी मगरवारा पुलिस अधीक्षक द्वारा कर दिया गया। यहाँ की जिम्मेदारी मगरवारा के चौकी प्रभारी अमित सिंह को सौंपी गयी है। ऐसी स्थिति में एक सप्ताह पूर्व चौकी से चंद दूरी पर बारह लाख की चोरी की सनसनीखेज घटना का खुलासा करना नवागत चौकी प्रभारी अमित सिंह के लिये चुनौती माना जा रहा है।

हिन्दी दैनिक
बुद्ध का संदेश
समाचार पत्र
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योतिनगर, मधुकरपुर, निकट हीरो हौंडा एजेन्सी, सिद्धार्थनगर, 272207 उ.प्र. से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.- UPHIN/2012/49458
संस्थापकः- स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादकः- राजेश कुमार शर्मा
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एंव सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इन से उत्पन समस्त विवाद जनपद सिद्धार्थनगर.न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।
8795951917, 9453824459
ई-न्यूज पेपरः- www.budhakasandesh.com
E-Mail ID:. budhakasandeshnews@gmail.com

# ठंड के मौसम में ठंडे पानी से नहाने से होंगे बड़े और बेहतरीन फायदे



इन दिनों ठंड बढ़ती चली जा रही है। ऐसे में ठंड के मौसम में नहाना सभी के लिए एक बड़ा टास्क होता है। नहाने से पहले व्यक्ति ठंड के मौसम में 10 बार सोचता है और ठंड में गर्म पानी से नहाना सभी को उचित लगता है। लेकिन ठंडे पानी से नहाने के बड़े फायदे हैं। जी हाँ, ठंड के मौसम में ठंडे पाने से नहाने से बड़े और बेहतरीन फायदे होते हैं और आज हम आपको उन्ही फायदों के बारे में बताने जा रहे हैं।

’ यह रक्त परिसंचरण को बढ़ाता है– कोल्ड शावर आपको गर्म रखने के लिए रक्त को आपके अंगों में जाने देता है। जी हाँ और अगर हम गर्म पाने से नहाने की बात करें तो यह ठंडे स्नान के प्रभाव को उलटते हुए रक्त को त्वचा की सतह की ओर ले जाने का कारण बनता है। वहीं ठंडे पानी से नहाने से धमनियों को मजबूत बनाने और रक्तचाप को कम करने में मदद मिल सकती है।

’ यह आपकी त्वचा और बालों के लिए बहुत अच्छा है– कहा जाता है सर्दियों में गर्म पानी से नहाने से त्वचा रूखी हो सकती है, जिससे त्वचा में जलन और रैशेज हो सकते हैं। यहां तक कि डैंड्रफ की समस्या से भी जूझना पड़ सकता है। वहीं ठंडे पानी से नहाने से क्यूटिकल्स और पोर्स टाइट हो जाते हैं, जिससे वे बंद होने से बच जाते हैं। यह त्वचा और स्कैल्प में छिद्रों को भी सील कर सकता है, और गंदगी को अंदर जाने से रोक सकता है।

’ जी हां, ठंडा पानी इम्युनिटी बढ़ाने में मदद करता है– अगर ठंड के दिनों में आप ठंडे पानी से नहाते हैं, तो सफेद रक्त कोशिकाओं का प्रतिशत अधिक होगा और उच्च चयापचय दर होगी। वैसे ऐसा इसलिए है क्योंकि ठंडे स्नान के दौरान शरीर खुद को गर्म करने की कोशिश करता है।

’ ठंडे पाने से नहाना तेजी से मांसपेशियों को ठीक करने में सहायता करता है। इसी के साथ यह मांसपेशियों की अकडन को दूर करने में मदद करता है। यह कोल्ड कंप्रेशन जैसा है।

’ डॉक्टर्स कहते हैं ठंडा पानी डिप्रेशन से निपटने में मदद करता है और ठंडे पानी का सकारात्मक प्रभाव पड़ता है और यह मूड को बेहतर बनाता है।

’ हालाँकि इन सभी फायदों के बावजूद, ठंडे पानी से नहाना आपको बीमार भी कर सकता है। सर्दी, खांसी, निमोनिया, गले में जलन (क्योंकि यह शरीर के तापमान के प्रतिकूल है) और बुखार जैसी स्वास्थ्य समस्याओं का कारण ठंडा पानी बन सकता है। सामान्य पानी से नहाए तो यह बेहतरीन है।

## अभिनेत्री ऐश्वर्या राजेश ने थ्रिलर फिल्म एजीपी का ट्रेलर जारी किया

अभिनेत्री ऐश्वर्या राजेश ने रविवार को निर्देशक रमेश सुब्रमण्यम की थ्रिलर एजीपी का ट्रेलर जारी किया, जिसमें अभिनेत्री लक्ष्मी मेनन मुख्य भूमिका में हैं। इस थ्रिलर ने फिल्म प्रेमियों में काफी दिलचस्पी पैदा की है। यह पहली बार होगा, जब लक्ष्मी मेनन किसी फिल्म में मुख्य भूमिका निभाती नजर आएंगी। फिल्म के ट्रेलर से पता चलता है कि फिल्म की कहानी एक अस्पताल के इर्द–गिर्द घूमती है, जो गलत कारणों से चर्चा में है। हमें बताया



जाता है कि अस्पताल आने वाले मरीज आत्महत्या कर रहे हैं। नायक को एक नर्स को समझाते हुए देखा जाता है, जो अपने प्रेमी को उसके पैर की पट्टी हटाने के लिए अस्पताल लाती है। हालांकि, एक घंटे बाद वह कहती है कि उसका प्रेमी वहां नहीं है। फिल्म की सिनेमैटोग्राफी संतोषपंडी ने की है और संगीत जयकृष ने दिया है। केएसआर द्वारा निर्मित इस फिल्म का संपादन चंद्रकुमार ने किया है। ऐश्वर्या राजेश एक भारतीय फिल्म अभिनेत्री हैं जो मुख्यतरू दक्षिण भारतीय (तमिल सिनेमा) में सक्रिय हैं। वह 2017 में रिलीज हुई बॉलीवुड फिल्म डैडी में नजर आई थीं। ऐश्वर्या राजेश के बारे में बात करे तो उनको सिंगिंग का भी बहुत बड़ा शौक है। बचपन में उन्होंने कहा कि शायरी सिंगिंग में ट्रॉफी जीती थी और आज भी इनको शौक है गाना गाने का। ऐश्वर्या राजेश वो बचपन से ही एक्टिंग का शौक था इसीलिए उन्होंने फिल्म में काम करने की ठान ली थी और उनके पिताजी भी काफी अच्छे और सुपरहिट अभिनेता रह चुके हैं इसलिए इनका एक्टिंग के प्रति लगाव कुछ ज्यादा ही था




## सलमान की कभी ईद कभी दीवाली का हिस्सा नहीं हैं आयुष शर्मा




हाल में आई सलमान खान और आयुष शर्मा की फिल्म अंतिमरू द फाइनल ट्रुथ को अच्छी प्रतिक्रिया मिली। खासतौर पर आयुष के अभिनय को फिल्म में सराहा गया। उन्हें जबरदस्त एक्शन में देखा गया था। इससे आयुष की मार्केट वैल्यू भी बढ़ गई है। पिछले कुछ समय से चर्चा चल रही थी कि वह सलमान अभिनीत साजिद नाडियाडवाला की कभी ईद कभी दिवाली में दिखेंगे। अब खबर है कि आयुष इस फिल्म का हिस्सा नहीं हैं।

रिपोर्ट की मानें तो आयुष कभी ईद कभी दीवाली का हिस्सा नहीं हैं। एक सूत्र ने बताया, फिल्म अंतिम में सराहना मिलने के बाद आयुष ने बड़ी फिल्मों में कैरेक्टर रोल नहीं करने का फैसला लिया है। सलमान भी ऐसा ही महसूस करते हैं, क्योंकि कभी ईद कभी दीवाली में आयुष का ट्रैक महत्वपूर्ण नहीं था। उन्हें सलमान के छोटे भाई की भूमिका निभानी थी। पूरी फिल्म सलमान के किरदार के इर्दगिर्द घूमती है। खबरों की मानें तो इस फिल्म में अभिनेता जहीर इकबाल बने रहेंगे। इस फिल्म का निर्देशन फरहाद सामजी करेंगे। उनकी इस एक्शन कॉमेडी फिल्म में दो और कलाकारों को शामिल किया जाएगा। फिलहाल कास्टिंग का काम जोरों पर चल रहा है। इस साल फरवरी के अंत तक फिल्म की शूटिंग शुरू होने की उम्मीद है। साउथ सुपरस्टार वेंकटेश भी फिल्म में सलमान के समानांतर भूमिका निभाने के लिए साथ आए हैं। ऐसी चर्चा है कि साउथ की कोई दिग्गज अभिनेत्री वेंकटेश के अपोजिट नजर आएंगी। फिलहाल वेंकटेश के किरदार के बारे में विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। वह इस फिल्म के साथ 25 साल बाद बॉलीवुड की फिल्मों में वापसी करेंगे। उन्होंने फिल्म अनाड़ी से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। सुपरहिट फिल्म किक के बाद एक बार फिर सलमान ने फिल्म के लिए साजिद के साथ हाथ मिलाया है। उम्मीद है कि यह फिल्म भी हिट साबित होगी।

इस फिल्म में 56 वर्षीय सलमान पहली बार 31 वर्षीय अभिनेत्री पूजा हेगड़े के साथ रोमांस करते नजर आएंगे। फिल्म में सलमान की प्रेमिका (पूजा) एक छोटे से कस्बे में रहने वाली लड़की है, जिसका स्वभाव सलमान से बिल्कुल विपरीत है। इस फिल्म की कहानी काफी हद तक सलमान के परिवार से प्रेरित होगी। इसमें एक ऐसे परिवार की कहानी होगी, जिसमें ईद और दिवाली दोनों त्योहार मनाए जाते हैं। यह लोगों को एकता और भाईचारे का संदेश देगी।

आयुष ने लवयात्री के साथ अपना डेब्यू किया है। सलमान खान फिल्म्स के बैनर तले बनी फिल्म में वरीना हुसैन नजर आई थीं। इसके बाद वह कई फिल्मों में नजर आए। उम्मीद है कि धीरे–धीरे वह बॉलीवुड में अपनी धाक जमाएंगे।

## विक्रम वेधा से ऋतिक रोशन का फर्स्ट लुक किया गया रिलीज



बॉलीवुड स्टार ऋतिक रोशन ने सोमवार को अपने 48वें जन्मदिन पर अपकमिंग फिल्म विक्रम वेधा से अपने वेधा लुक को रिलीज कर दिया है। ऋतिक ने इंस्टाग्राम पर अपने लुक का खुलासा किया। ऐसे में ऋ तिक खुद बहुत खुश हैं. अब अगर फिल्म से ऋ तिके के लुक पर गौर करें तो वे काफी दमदार अवतार में नजर आ रहे हैं. दाढ़ी–मूंछ, आंखों पर ब्लैक सनग्लासेज, कुर्ता, गले में काला धागा, बिखरे हुए बाल, चेहरे और छाती पर खून के धब्बे, फिल्म से ऋ तिक का यह लुक उनके कैरेक्टर की झलक दे रहा है. आप सभी को बता दें कि विक्रम वेधा के ओरिजिनल वर्जन में विजय सेतुपती ने वेधा का रोल प्ले किया था. ऋ तिक का यह लुक विजय सेतुपती की याद दिलाता है. आप सभी को हम यह भी बता दें कि विक्रम वेधा में ऋतिक रोशन और सैफ अली खान लीड रोल्स हैं. जी दरअसल ऋ तिक ने वेधा का और सैफ ने विक्रम का किरदार निभाया है. इस फिल्म में राधिका आप्टे भी अहम रोल में हैं. वैसे विक्रम वेधा के कुछ हिस्सों की शूटिंग हो चुकी है. सामने आने वाली रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म के पहले शेड्यूल का शूट दुबई में किया गया था और इसके बाद सैफ अली खान ने लखनऊ में 19 दिन का शेड्यूल पूरा किया. खबरों के अनुसार विक्रम वेधा ओरिजिनली तमिल मूवी है जिसका निर्देशन पुष्कर–गायत्री ने किया है. इस फिल्म में आर माधवन और विजय सेतुपती ने लीड रोल प्ले किया था. यह फिल्म साल 2017 में रिलीज हुई और इसे बेहद अच्छे रिस्पॉन्स मिले थे.विक्रम वेधा 30 सितंबर को दुनियाभर में बड़े पर्दे पर दस्तक देगी।



## कुछ घरेलू उपाय अपनाकर आप भी पा सकते हैं पिंपल से छुटकारा

पिंपल निकलने की समस्या आज के समय में सबसे आम है। छोटी से लेकर बड़ी उम्र तक के लोगों को यह समस्या हो जाती है। सबसे खास उन्हें जिनकी त्वचा ऑयली यानी तैलीय है। ऐसे लोगों को पिंपल सबसे ज्यादा परेशान करते हैं। वैसे पिंपल न सिर्फ चेहरे की खूबसूरती को कम करता है, बल्कि कई बार असहनीय दर्द भी देते हैं। ऐसे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं कुछ घरेलू उपाय जिन्हे अपनाकर आप पिंपल को भगा सकते हैं। आइए बताते हैं।

टी ट्री ऑयल– टी ट्री ऑयल का इस्तेमाल मुंहासों पर एंटी–बैक्टीरियल और एंटी–इंफ्लामेटरी गुण की वजह से किया जाता है। जी हाँ और मुंहासे की दवा यानी क्रीम व जेल में भी टी–ट्री ऑयल का इस्तेमाल किया जाता है। इसी के चलते आप इसे लगाकर पिंपल से छुटकारा पा सकते हैं। इसके लिए दो से तीन बूंद टी–ट्री ऑयल को आधे चम्मच एलोवेरा जेल में मिलाकर चेहरे पर लगा लें। अब कुछ देर बाद पेस्ट जब सूख जाए तो सामान्य पानी से चेहरे को धो लें। ऐसा हर दिन दो से तीन बार करें।

एलोवेरा– पिंपल हटाने का घरेलू उपाय एलोवेरा जेल भी है। इसे इस्तेमाल करने के लिए आप एलोवेरा के पत्ते से ताजा जेल निकालें और सीधे पिम्पल प्रभावित हिस्से पर लगा लें। अब करीब 10–20 मिनट बाद चेहरे को पानी से धो लें।

ग्रीन टी– यह पॉलीफेनोल्स सीबम (त्वचा ग्रंथियों से निकलने वाला तैलीय पदार्थ) के स्राव को कम कर सकता है। इसके इस्तेमाल से आप राहत पा सकती हैं। इसको इस्तेमाल करने के लिए ग्रीन टी का रोज सेवन किया जा सकता है, या फिर ग्रीन टी बैग्स को उबालकर, ठंडा करने के बाद चेहरे पर भी लगा सकते हैं।

नारियल का तेल– नारियल के तेल में जीवाणुरोधी यौगिक के साथ ही विटामिन–ई होता है। इसे लगाने से चेहरे में पडने वाले धब्बों का उपचार हो सकता है। पिंपल हटाने के सबसे पहले नारियल तेल में कुछ बूंदों में थोड़ा सा शहद मिलाएं। अब इसके बाद इसे अच्छे से फेंटकर चेहरे पर लगा लें। वहीं कुछ देर बाद चेहरे को गुनगुने पानी से धो लें।